नये जमाने के साथ..
# यश भारत
● वर्ष- 17 अंक 83 ● कटनी ● बुधवार, 26 अप्रैल, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● वैशाख शुक्ल पक्ष 7 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

### जबलपुर में आज का मौसम

बुधवार सुबह का तापमान

19.8 डिसे सामान्य से 6 डिसे कम

दोपहर 12 बजे तक

27 डिसे

तेज हवा के साथ बूंदाबांदी के आसार

### भारत ने अब तक सूडान से निकाले 500 नागरिक

जेद्दा, एजेंसी। सूडान में सेना और अर्धसैनिक बलों के बीच चल रहे संघर्ष में साढ़े तीन हजार से ज्यादा भारतीय नागरिक भी फंसे हैं. इन सभी को निकालने के लिए भारत सरकार ने ऑपरेशन कावेरी को अंजाम दिया है. ऑपरेशन कावेरी के तहत अब तक 500 से ज्यादा भारतीयों को सूडान पोर्ट से जेद्दा पहुंचाया जा चुका है। विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने निकाले गए 148 भारतीयों के दूसरे जत्थे की अगवानी की।

## विक्रम लैंडर जैसे हादसे का शिकार हुआ जापान का स्पेसक्राफ्ट

### चांद पर उतरते ही हुई क्रैश लैंडिंग



■ टोक्यो, एजेंसी।

टोक्यो, एजेंसी। जापान को भारत के विक्रम लैंडर जैसे हादसे का सामना करना पड़ा है। उसका चांद पर अपना लैंडर उतारने का सपना अधूरा रह गया। दरअसल, जापान की निजी कंपनी आईस्पेस इंक का एक लैंडर चंद्रमा के लिए रवाना हुआ था। कहा जा रहा था कि पहली बार किसी देश की निजी कंपनी का यान चांद की सतह पर उतरेगा, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। ग्राउंड टीम का लैंडर से संपर्क टूट गया है। लैंडर का नाम हाकुतो-आर मिशन 1 है। जापानी कंपनी के इस सैटेलाइट को पिछले साल दिसंबर में फ्लोरिडा के केप केनवरल से स्पेसएक्स के रॉकेट से लॉन्च किया गया था।

#### फिर से नहीं जुड़ सका संपर्क

संस्थापक और मुख्य कार्यकारी ताकेशी हाकामादा ने अंतरिक्ष यान से संचार बंद होने के बाद कहा कि हमारा संपर्क टूट गया है। हमें उम्मीद थी कि संपर्क फिर से जुड़ जाएगा, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। इससे साफ है कि हम चंद्र सतह पर लैंडिंग नहीं कर सके और हमारा मिशन असफल रहा।

कैसा है Hakuto-R Mission V हाकुतो-आर मिशन 1 की लंबाई 7.55 फीट है। यह यान चंद्रमा की सतह से 100 किलोमीटर ऊपर 6000 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से घूम रहा था। धीरे-धीरे इसकी गति को कम किया गया था क्योंकि चंद्रमा की गुरुत्वाकर्षण शक्ति ने इसे खींचना शुरू कर दिया था। हाकुतो-आर मिशन की लैंडिंग चंद्रमा के उत्तरी गोलार्ध पर मौजूद मारे फ्रिगोरिस के पास होनी थी। इसके बाद Mv अपने दो पहिए वाला रोवर बाहर निकालता। बता दें, यह रोवर बेसबॉल के आकार का था।

### खिलौना कंपनी ने बनाया था जापानी रोवर

इस रोवर को जापानी खिलौना कंपनी टोमी को और सोनी ग्रुप ने मिलकर बनाया था। साथ ही संयुक्त अरब अमीरात का चार पहियों वाला राशिद रोवर भी लैंडर में था। जापान के इस मिशन का दूसरा यान 2024 में लॉन्च करने की योजना है। तब आईस्पेस अपना खुद का रोवर लेकर आएगी। उस समय तक यह नासा के साथ काम करेगी ताकि स्पेस लैब ड्रेपर के पेलोड्स को चंद्रमा पर पहुंचा सके। कंपनी की प्लानिंग है कि 2040 तक चांद की सतह पर इंसानों से भरी एक कॉलोनी बनाए जाए।

## मौसम की मार !
## गर्मी में भारी बारिश का अलर्ट



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

देश में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। अप्रैल के महीने में मैदानी राज्यों में जहां भीषण गर्मी का दौर होना चाहिए, जहां आसमान में बादलों का डेरा है और कहीं-कहीं तो बारिश भी हो रही है। पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी का दौर तो जारी है ही। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने ) कर्नाटक की राजधानी और राज्य के अन्य हिस्सों में आने वाले 4-5 दिनों में मध्यम से भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। बारिश की संभावित स्थिति को देखते हुए मौसम विभाग ने 29 अप्रैल तक बेंगलुरू के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चलेंगी। स्कायमेट वेदर की रिपोर्ट के अनुसार, अगले 24 घंटों के दौरान, तमिलनाडु, केरल, दक्षिण भारत कर्नाटक, तेलंगाना, विदर्भ, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ एक या दो स्थानों पर भारी बारिश संभव है।असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय के कुछ हिस्सों, नागालैंड, सिक्किम, आंतरिक कर्नाटक के कुछ हिस्सों, मराठवाड़ा और उत्तराखंड के 1 या 2 स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश संभव है। जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में हल्की बारिश हो सकती है। पूर्वी मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

### भारत में 2060 तक काल बनेगी हीटवेव... मचाएगी तांडव

मौसम विभाग की मंगलवार को जारी एक नई रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रायद्वीपीय और तटीय भारत के अधिकांश हिस्सों में 2060 तक हीटवेव की अवधि में 12-18 दिनों की वृद्धि होगी. साथ ही आईएमडी ने इससे निपटने का तरीका भी सुझाया है, जिसमें सांस्कृतिक, संस्थागत, तकनीकी और पारिस्थितिक तंत्र आधारित अनुकूलन रणनीतियां शामिल हैं. 'भारत में गर्मी और शीत लहर की प्रक्रिया और भविष्यवाणी' शीर्षक वाली रिपोर्ट की सिफारिशों में शामिल हैं- वेंटिलेशन और इन्सुलेशन के माध्यम से भारत की इमारतों में सुधार; गर्मी के कारण स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना; वर्क शेड्यूल में बदलाव; पूर्व चेतावनी प्रदान करना; और ठंडे आश्रयों का निर्माण। आईएमडी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के अपवाद के साथ अन्य प्राकृतिक खतरों की तुलना में हीटवेव से भारत में अधिक मौतें होती हैं. आईएमडी ने हीट वेव क्लाइमेटोलॉजी और घटना को समझने के लिए 1961-2020 तक के डेटा का उपयोग किया है. आईएमडी द्वारा हीटवेव घोषित किया जाता है, जब अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और सामान्य से 4.5 डिग्री अधिक होता है. भीषण गर्मी की लहर तब घोषित की जाती है जब तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर और सामान्य से 6.5 डिग्री अधिक होता है. हीटवेव की अवधि में 12 से 18 दिनों की वृद्धि होगी भारत के सुदूर उत्तर पश्चिम में, सबसे लंबा हीटवेव समय 15 दिनों से भी अधिक हो गया है. रिपोर्ट में पाया गया कि मध्य और उत्तर-पश्चिमी भारत में सबसे लंबी भीषण गर्मी की लहर आम तौर पर 5 दिनों से अधिक रहती है, जबकि आंध्र प्रदेश तट सहित दक्षिणी प्रायद्वीप में यह उससे कम है. रिपोर्ट में संदर्भित वैश्विक मॉडल ग्लोबल वार्मिंग के कारण 2020-2064 की अवधि में लगभग 2 हीटवेव की वृद्धि और हीटवेव की अवधि में 12-18 दिनों की वृद्धि का सुझाव देते हैं।

## कश्मीर में जी 20 बैठक से पहले पाक का डर्टी गेम शुरू

### LOC के पास आतंकियों का जमावड़ा, घुसपैठ कराने को लॉन्च पैड एक्टिव



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ करवाने के लिए पाकिस्तान की एक और नापाक साजिश का खुलासा हुआ है. पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और पाकिस्तानी सेना ने आंतकियों की मदद के लिए नियंत्रण रेखा से सटे इलाकों में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में पांच कंट्रोल रूम कायम किए हैं. खुफिया जानकारी के मुताबिक ये कंट्रोल रूम भिम्बर, नीलम वैली, लीपा वैली, रावलकोट और मुजफ्फराबाद में बनाए गए हैं. इन कंट्रोल रूम से इसकी निगरानी रखी जाएगी कि कैसे आतंकियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ करवाना है. इसका मकसद भारत की सेना के जवानों की मूवमेंट के बारे में आतंकियों को जानकारी भी देना है। खुफिया सूत्रों से जानकारी मिली है कि पाकिस्तान ने अपने सभी लांच पैड को एक्टिव कर दिया है. खुफिया जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने अपने सभी आतंकी लॉन्च पैड्स को नियंत्रण रेखा के करीब कर दिया है. इसके लिए ठिकाने इस तरह चुने गए हैं कि हर लॉन्च पैड भारतीय सीमा से महज कुछ किलोमीटर की दूरी पर है. पाकिस्तान ने कश्मीर में घुसपैठ बढ़ाने के लिए ऐसा किया है. नक्शे के हिसाब से उनके पास भारत में घुसपैठ करने के कई रास्ते हैं. ये रास्ते भारतीय सेना की किसी भी गोलीबारी से बचने और उनको उलझाए रखने के लिए हैं।

#### 9 लॉन्चिंग पैड, 150 आतंकियों को किया तैयार

बताया जा रहा है कि फिलहाल सभी लॉन्च पैड प्रशिक्षित आतंकवादियों से भरे हुए हैं और सीधे पाकिस्तान की ढ्स्ढ उनको कंट्रोल कर रही है. इन आतंकवादियों की घुसपैठ आईएसआई के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी. पाकिस्तानी सेना बाद में इनके लिए ड्रोन के जरिये हथियारों को सीधे भारत में गिरा सकती है. खुफिया सूत्रों के मुताबिक ये हथियार टारगेट किलिंग के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं. खुफिया सूत्रों के मुताबिक लश्कर और जैश जैसे आतंकी संगठनों के कई विदेशी आतंकवादी पहले से ही कश्मीर में मौजूद हैं. ऐसे आतंकियों ने ही हाल में सेना की एक ट्रक को अपना निशाना बनाया था।

## प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार कल, दो दिन का राष्ट्रीय शोक



■ चंडीगढ़, एजेंसी।

देश के सबसे वयोवद्ध नेता और सांप्रदायिक सद्भावना के पुरोधा रहे प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार देर शाम मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। वह 95 वर्ष के थे। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के संरक्षक व पंजाब के पांच बार मुख्यमंत्री रहे बादल को सीने में संक्रमण की वजह से पिछले एक सप्ताह से सांस लेने में तकलीफ हो रही थी।शिरोमणि अकाली दल के प्रवक्ता डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि प्रकाश सिंह बादल का अंतिम संस्कार 27 अप्रैल को उनके गांव बादल में होगा। आज सुबह 10 बजे उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए चंडीगढ़ में पार्टी के सेक्टर-28 स्थित पार्टी मुख्यालय में रखा गया। बादल देश की राजनीति के सबसे बुजुर्ग नेता थे। उनके निधन पर केंद्र सरकार ने दो दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित कर दिया है, जिसमें दो दिन पूरे देश में लगा ध्वज आधा झुका दिया जाएगा। वहीं सभी आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम रद्द कर दिए गए हैं।

## बुजुर्ग 1962 से 56 बार दे चुके हैं 10वीं की परीक्षा, 57वीं बार में हुए पास

### गजब का कॉन्फिडेंस!

■ जालोर, एजेंसी।

'न उमर की सीमा हो, न जनम का हो बंधन' यह गजल तो आपने खूब सुनी होगी. यह गजल 77 साल के हुकुमदास वैष्णव के ऊपर सटीक बैठती है. उन्होंने खुद को उम्र में ना बांध के बोर्ड परीक्षा पास करने का निश्चय कर लिया. इसके लिए उन्होंने लगातार 57 बार 10वीं की परीक्षा दी और सफल हुए. हैरान करने वाली बात यह है कि 56 बार फेल होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और अपने जज्बे को बरकरार रखा. आज जब यूपी बोर्ड के 56 लाख स्टूडेंट्स का रिजल्ट जारी



हुआ है तो 57 बार में परीक्षा पास करने वाले राजस्थान के जालोर के रहने वाले हुकुमदास वैष्णव की कहानी सामने आई.हुकुमदास का कहना है कि पढ़ने या सीखने की कोई उम्र नहीं होती है. हुकुम दास वैष्णव की कहानी भी कुछ ऐसी ही है. उम्र से तो वैसे वह एक बुजुर्ग हैं लेकिन पढ़ाई-लिखाई के लिए उनका जूनून किसी नौजवान से कम नही है. 77 साल के हुकूमदास 2 महकमों में काम करके सेवानिवृत हो चुके हैं. लेकिन कम पढ़े-लिखे होने के कारण कक्षा 10वीं की परीक्षा पास करने की ठानी. अपने इसी जज्बें के कारण 77 साल की उम्र तक आते-आते हुकूमदास ने आखिरकार अपने 57वें अटेंप्ट में अपनी 10वीं पूरी कर ही ली। 10वीं में फेल होने का सिलसिला साल 1962 से शुरू हुआ जब हुकुम सिंह पहली बार परीक्षा में फेल हुए थे. साल 2005 में जब हुकूमदास 60 वर्ष की उम्र में रिटायर हुए तब तक वह 10वीं कक्षा में 43 बार असफल हो चुके थे. लगातार परीक्षा में फेल होने के कारण हुकूमदास के दोस्तों ने उन्हें कभी भी 10वीं की परीक्षा पास नहीं कर पाने को लेकर ताने मारते थे. हुकूमदास ने हार ना मानते हुए साल 2011 में स्टेट ओपन में प्रवेश लिया. इसके बाद भी फेल होते रहे लेकिन साल 2019 में जाकर हुकूमदास ने अपने 56वीं कोशिश में 10वीं की परीक्षा पास कर ली।10वीं की परीक्षा पास करने के बाद हुकूमदास 12वीं की अपनी पढ़ाई पूरी करना चाहते हैं. इसके लिए हुकूमदास वैष्णव ने जालोर में 12वीं कला वर्ग से स्टेट ओपन में अपना नामांकन करा लिया है।

## गड्ढे में गिरे बच्चे को हथिनी ने दो दिन दूध पिलाया फिर रुक गई सांस... अंत में हुआ चमत्कार!



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कुत्ता, बिल्ली, बंदर या शेर अपने बच्चे को बचाने के लिए जान पर खेल जाते हैं। ऐसा हम नहीं कह ल रहे हैं बल्कि वायरल हो रहा एक वीडियो इस बात का सबूत है। इसमें हाथी ने गड्ढे में गिरे उसके बच्चे को बचाने के लिए जो किया उसे देखकर आप भावुक हो जाएंगे। वायरल वीडियो में एक हाथी का बच्चा गड्ढे में फंसा दिखाई दे रहा है। उसकी मां उसे छोड़ना नहीं चाहती है। इस कारण वो खुद भी बच्चे का ध्यान रखने के लिए गड्ढे में उतर पड़ती है। बताया जा रहा है कि हथिनी अपनी जान की परवाह किए बिना 2 दिन तक बच्चे को दूध पिलाती रहती है। इसके बाद वहां रेस्क्यू टीम पहुंचती है। फिर एक क्रेन की मदद से हाथी को बाहर निकाला जाता है। पर तब तक हथिनी बेहोश हो चुकी होती है, जिसके बाद मेडिकल टीम उसका इलाज करती है। बहुत कोशिश करने के बावजूद भी हाथी बेसुध पड़ी रहती है। लेकिन जैसे ही उसका बच्चा गड्ढे से निकलकर बाहर आता है वो उठ उड़ी होती है। ये नजारा देख कोई भवना का शुक्रिया अदा कर रहा है, तो कोई लोगों को इंसानियत दिखना के लिए आभार व्यक्त कर रहा है।

## थाने पर हमला करने वाले 63 आरोपी गिरफ्तार 4.85 लाख के इनामी बदमाश भी शामिल

■ बुरहानपुर, यशभारत।

बुरहानपुर जिले के नेपानगर में पुलिस अमले ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 63 आरोपियों को एक साथ पकड़ा है, जिनमें 4.85 लाख के इनामी बदमाश भी शामिल हैं। पकड़े गए आरोपियों पर बीते सात अप्रैल को जिले के नेपानगर पुलिस थाने पर हमला कर अपने साथियों को वहां से छुड़ाने के साथ ही वन अतिक्रमण कर जंगल काटने का भी आरोप है। कार्रवाई के बाद इतनी बड़ी संख्या में पकड़े गए आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा बस में बैठाकर नेपानगर थाने तक लाया गया, जहां बुरहानपुर एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने आरोपियों के संबंध में खुलासा किया। आरोपियों को जिला न्यायलय में पेश करने की कार्रवाई फिलहाल जारी है, जिनमें से कुछ आरोपियों को मंगलवार और बाकि बचे आरोपियों को आज यानि बुधवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है। नेपानगर



पुलिस ने वन अतिक्रमणकारियों और पुलिस थाने पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मंगलवार को एक ही दिन में कुल 63 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें, थाने पर हमला होने के बाद से ही पुलिस और प्रशासनिक अमला एक्शन मोड में था और हमलावरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 24 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी थी, जिसके बाद मंगलवार को की गई कार्रवाई में 63 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस तरह अब तक कुल 87 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गयी है।

#### 4.85 लाख के इनामी बदमाश गिरफ्तार

बुरहानपुर एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि गिरफ्तार किये गए आरोपियों में से कुल 4.85 लाख के इनामी बदमाशों को भी पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों में साईखेड़ा और पानखेड़ा क्षेत्र में अतिक्रमण करने का मुख्य आरोपी फूल सिंह सुडला और इसके साथी रेव सिंह पर 90-90 हजार का इनाम था, तो वहीं हेमा 95 हजार का इनामी बदमाश था। इन्ही के साथ आरोपी सूर्या और मन्नू जो कि 50 हजार के इनामी बदमाश हैं, ऐसे बड़े आरोपियों को पकड़ने में भी पुलिस को सफलता मिली है।

यदि आप को यशभारत न्यूज पेपर नहीं प्राप्त हो रहा है तो संपर्क करें
मो. 9407348995, 7999718732

## शहडोल के बुढ़ार में कोयला व्यवसायी के यहां आयकर विभाग का छापा

■ शहडोल, यशभारत।

जिले के बुढार में बुधवार की सुबह एक कोयला व्यवसायी के यहां आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा है। व्यापारी के सभी ठिकानों में कार्यवाही चल रही है। कोयला व्यवसायी केशर सिंह के यहां कार्यवाही चल रही है। जबलपुर, भोपाल और इंदौर की टीम ने एक साथ मारा छापा है। आयकर चोरी का मामले मैं कार्यवाही चल रही है। बुढ़ार में केशर सिंह के घर में 20 सदस्यीय टीम ने टीम ने दबिश दी है और कड़ी सुरक्षा के बीच कार्यवाही जारी है। बुढ़ार के अलावा सतना और कटनी में भी व्यापारियों के यहां छापामार कार्यवाही चल रही है। वह केशर सिंह के साथ कोयला का व्यापार करते हैं। टीम में आयकर विभाग के 20 अधिकारी कर्मचारी शामिल हैं।धनपुरी वार्ड नंबर 1 में रहने वाले केशर सिंह छाबड़ा के घर सहित सभी ठिकानों पर दबिश दी गई है। उनके व्यापार में काम करने वाले कर्मचारियों के घर भी टीम दस्तावेज खंगाल रही है। केशर सिंह चावड़ा एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र से निकलने वाले कोयले के बड़े कारोबारी हैं। इनके साथ कई जिलों के लोग पार्टनर के रूप में काम कर रहे हैं। आयकर विभाग को शिकायत की गई है कि यह कोयले की कारोबार में आयकर की बड़ी चोरी कर रहे हैं। उसी शिकायत के आधार पर आयकर विभाग की टीम ने छापामार कार्यवाही शुरू की है।

### भारत में 2050 तक दोगुनी होगी बुजुर्गों की आबादी

## हर 5वां भारतीय होगा बूढ़ा

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत फिलहाल तो दुनिया का सबसे जवान देश है. संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की 'द स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन रिपोर्ट 2023' के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1,428.6 मिलियन (142.86 करोड़) तक पहुंच गई है, जबकि चीन की 1,425.7 मिलियन (142.57 करोड़) है, जिसका मतलब है हमारी जनसंख्या चीन से 2.9 मिलियन यानी 29 लाख ज्यादा है. यूएनएफपीए रिपोर्ट के आकंड़े कहते हैं कि भारत की 68 प्रतिशत आबादी की उम्र 15-64 वर्ष के बीच है, जबकि 65 वर्ष से ऊपर के सिर्फ 7 प्रतिशत लोग हैं. लेकिन 2050 तक यह परिदृश्य बदल जाएगा। यूएनएफपीए के इसी रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2050 तक भारत में 65 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों की संख्या वर्तमान से दोगुनी हो जाएगी. यानी करीब 14 फीसदी भारतीय आबादी की आयु 65 वर्ष से ज्यादा होगी. रिपोर्ट में



कहा गया है कि जापान, चीन, इटली समेत अन्य यूरोपीय देशों की तरह भारत को भी अपनी बूढ़ी होती आबादी के लिए अभी से जरूरी तैयारियां करने की आवश्यकताहै।

#### चीन में 2050 तक 30प्रश आबादी बुजुर्ग

इस बीच चीन को अपनी बुजुर्ग आबादी के कारण खामियाजा भुगतना पड़ रहा है. यूएनएफपीए रिपोर्ट की मानें तो चीन के वर्क फोर्स में 4.1 करोड़ लोगों की कमी हो गई है, जो अभी और घटेगा. यह कई यूरोपीय देशों की आबादी के बराबर है।

## तीन बेटियों के साथ कुएं में कूदी महिला

■ इंदौर, ईएमएस।

धार में एक महिला अपनी तीनों बच्चियों के साथ कुएं में कूद गई। घटना में महिला समेत तीनों बच्चियों की मौत हो गई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार थाना सरदारपुर में आने वाले गांव श्यामपुरा ठाकुर में एक महिला ने मंगलवार देर रात अपनी तीन बेटियों के साथ कुएं में छलांग लगा दी।महिला रंजना की उम्र 32 साल है और उसके पति का नाम जीवन बामनिया है। महिला की एक बेटी प्रीति 2 साल की दूसरी बेटी ज्योति 4 साल की और तीसरी बेटी अमृता 6 साल की थी। महिला ने तीनों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है और परिजन के बयान ले रही है। अभी कारण साफ नहीं हो पाया है कि महिला ने किस वजह से कुएं में कूदकर आत्महत्या की।

## ओएमजी : 40 औरतों का एक ही पति, नाम है रूपचंद

### न शादी हुई और न वह दूल्हा बना, माजरा जान चकरा जाएगा माथा

■ अरवल, एजेंसी।

बिहार के अरवल जिले में एक बड़ा ही अजीबोगरीबा मामला सामने आया है. यहां एक शख्स एक दो या 10 नहीं बल्कि 40 महिलाओं का पतिहै। आप भी सुनकर हैरान रह गए न. यह सच है और बिहार में जातीय जनगणना किए जाने के दौरान यह मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि शहरी क्षेत्र के रेड लाइट एरिया वार्ड नंबर 7 में एक पति लगभग 40 पत्नी का जोड़ा परफेक्ट कई वर्षों से अरवल में रह रहा है। ऐसा दिलचस्प जोड़ी के बारे में हम आपको बताएंगे, जिसमें पति ने लगभग 40 पत्नियों को एक साथ रखते हैं. हमारे देश में शादी को एक बहुत पवित्र रिश्ता माना जाता है, लेकिन यह रिश्ता तब सामने आया जब जातीय जनगणना के दौरान



घर घर जाकर इससे जुड़े कर्मचारी उनकी भौतिक सत्यापन करते हुए जानकारी हासिल की. वैसे तो ज्यादातर लोग एक ही शादी को पूरी जिंदगी निभाते हुए जन्म-जन्मांतर का नाता साथ रखते हैं, लेकिन यहां शादी पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है. । अरवल जब जातीय जनगणना के दौरान नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 7 रेड लाइट एरिया में जानकारी हासिल करने के लिए कर्मचारी पहुंचे, तो यह रिकॉर्ड देखकर हतप्रभ रह गए. हालांकि इस रिकॉर्ड को जाति जनगणना के रूप में पूरी तरह से दी गई है. बताया जाता है कि रेड लाइट एरिया में कई वर्षों से नाच गान कर अपनी जीविका यापन करने वाले नर्तकी रहती हैं. जहां उसका कोई ठिकाना नहीं होता है. वैसे मैं रूपचंद शब्द की संज्ञा देते हुए अपने आप को पति मानते हैं। जातीय जनगणना कर्मचारी ने बताया कि ऐसे दर्जनों परिवार हैं जिन्होंने अपने पति के रूप में रूपचंद माना है, जो आज तक ना उन्हें दिखाई दी है और ना ही उनके पास है कर्मचारियों के पास या रिकॉर्ड स्पष्ट रूप से महिलाओं ने अपने पति के रूप में रख लिया है. वैसे तो केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर कहा था कि जातीय जनगणना नहीं होनी चाहिए। केंद्र का कहना था कि जातियों की गिनती करना लंबा और कठिन काम है. इसके बावजूद भी वर्तमान सरकार जाती है जनगणना कराने का ऐलान कर दिया और बिहार में या घर-घर जाकर जातीय जनगणना कराई जा रही है जिसमें यह मामला सामने आया है।




# शहडोल, कटनी और सतना में आईटी की रेड

## ट्रांसपोर्ट कारोबारी के कई ठिकानों में चल रही जांच

कटनी, यशभारत। शहडोल जिले में बुढ़ार के व्यापारी केशर सिंह के घर आयकर विभाग की टीम ने दबिश दी है। व्यापारी पर इनकम टैक्स चोरी के मामले में विभाग ने घर के साथ-साथ अन्य ठिकानों पर छापा मारा है। इस कार्रवाई में 20 से अधिक इनकम टैक्स के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। बुढ़ार के अलावा सतना और कटनी में भी व्यापारियों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की जा रही है। शहडोल जिले के धनपुरी वार्ड नंबर 1 में रहने वाले केशर सिंह छाबड़ा के घर सहित कई ठिकानों पर जबलपुर, भोपाल और इंदौर की टीम ने एक साथ छापा मारा। आयकर विभाग के दबिश से व्यापारी के घर में हड़कंप मच गया। व्यापारी के घर में आयकार विभाग की कार्रवाई जारी है। इसके साथ उनके व्यापार में काम करने वाले कर्मचारियों के घर भी दस्तावेज खंगाल रहे है। शहडोल जिले के अलवा सतना और कटनी जिले में भी आयकर विभाग की टीम ने रेड मारा है। फिलहाल विभाग व्यापारी की आवश्यक दस्तावेज की जांच पड़ताल जारी है। केसव सिंह और मोतीलाल गोयल व्यापारिक पार्टनर बताए जा रहे हैं। सतना में मोतीलाल गोयल के कोयला के साथ-साथ प्रॉपर्टी डीलिंग और ट्रांसपोर्ट का बड़ा कारोबार है तो वहीं राजेश गुप्ता पूरा करोबार का हिसाब देखते हैं। नितिन और पंकज डांगा निजी बालाजी बैंक चलाते है। साथ ही मोतीलाल गोयल के कर सलाहकार और व्यपारिक संबंध है। फिलहाल आयकर विभाग की कार्रवाई जारी है।



### आय से अधिक संपत्ति का मामला

इसके अलावा कटनी व सतना में कई ट्रांसपोर्टरों और प्रॉपर्टी डीलरों के घर और दफ्तर में आयकर विभाग ने छापा मारा है। सुबह 5 बजे इनकम टैक्स की टीम ने रेड मारी है। बड़े ट्रांसपोर्टर मोतीलाल गोयल के प्रभात विहार स्थित घर और आफिस में छापा पड़ा। भरहुत नगर स्थित कर सलाहकार के घर पर आयकर की टीम ने दबिश दी। मोतीलाल गोयल उनके मैनेजर राजेश और सीए डागा के घर और दफ्तर में भी छापा मारा गया है। तीन बड़े कारोबारियों के आवास और ऑफिसों पर छापा मारा है। कोयला कारोबारी मोतीलाल गोयल के आवास, एकाउंटेंट राजेश गुप्ता के घर, कर सलाहकार नितिन और पंकज डांगा के आवास और ऑफिस में रेड मारी है। आय से अधिक संपत्ति का मामला बताया जा रहा है। कोयला और टीएमटी सरिया से मामला जुड़ा है। शहडोल, कटनी व सतना में जांच चल रही है।

## एंबूलेंस की तरह काम करेगी नई ट्रेन ?

# कटनी-सतना के लिए क्यों खास है रीवा-इतवारी ट्रेन

**कटनी, यशभारत। कटनी-सतना के लिए क्यों खास है रीवा-इतवारी नई ट्रेन,इसे लेकर चर्चाएं खूब चल रही हैं। कुछ लोग इसे राजनीतिक चश्मे से देख कर बता रहे हैं कि ट्रेन तो काफी दिनों से चल रही है फिर इसमें खास क्या है। दरअसल अब जिस रूट से ट्रेन चल रही है वह खास है क्योंकि अब इस रास्ते से यह ट्रेन नागपुर पहुंचेगी उसकी टाइमिंग परफेक्ट है।**

इसी तरह इतवारी या कहें नागपुर से भी ट्रेन वापसी के लिए जिस टाइम पर चल रही है वह उन लोगों के लिए काफी फासदे मंद है जो अब तक हजारों रूपए फूंक कर अपना वाहन करते थे या फिर बस के सफर के लिए मजबूर होते थे। 11755/56 इतवारी रीवा एक्सप्रेस ट्रेन (क्रमांक 11755 / 11756) रीवा से इतवारी के लिए इस ट्रेन की समय सारणी रेलवे ने जारी की है कटनी के लिए नागपुर जाना हो तो एक बड़ा रास्ता चुनना पड़ता है। ट्रेन इटारसी फिर यहां से नागपुर जाती हैं लेकिन मोदी सरकार में जबलपुर नैनपुर छिंदवाड़ा रेलवे ट्रेक की ब्राडगेज में विस्तारित कर कटनी जबलपुर से रेल मार्ग द्वारा नागपुर जाने की दूरी में करीब 200 किलोमीटर की कमी होने से अब शाम को ट्रेन में बैठ कर सुबह नागपुर पहुंचा जा सकता है। ठीक इसी तरह रात्रि में नागपुर से ट्रेन निकलेगी तथा सुबह जबलपुर कटनी सतना होकर रीवा पहुंच जाएगी। दरअसल नागपुर स्वास्थ सेवाओं के लिए महाकोशल विन्ध के साथ बुंदेलखंड में भी काफी चर्चित या यूं कहें कि काफी विश्वनीय है। लेकिन नागपुर जाने के लिए सड़क मार्ग एक मात्र साधन था रात भर बस का सफर करना फिर सुबह नागपुर पहुंच कर दिन भर वहां इलाज या चेकप के बाद फिर से वापसी बस या सड़क मार्ग से होना काफी कठिन था। अब यह कठिनाई दूर हो गई।रात भर आराम से ट्रेन में सो कर सुबह सुबह नागपुर पहुंच कर दिनभर यहां रह कर जरूरी कार्य किये जा सकते हैं। लिहाजा रीवा इतवारी ट्रेन कटनी के लोगों के लिए किसी जीवनदायिनी से कम नहीं है।




### रेलवे बोर्ड जारी कर चुका है टाइम टेबल

इतवारी रीवा एक्सप्रेस ट्रेन (क्रमांक 11755 / 11756) रीवा से इतवारी के लिए रीवा से शाम 5.20 रवाना, रात 9.40 पर जबलपुर पहुंचकर 9.50 पर रवाना होकर रात 10.15 पर कचपुरा, रात 2.05 पर नैनपुर पहुंचकर 2.25 पर रवाना होगी, सुबह 5.15 छिंदवाड़ा पहुंचकर 5.35 पर रवाना होकर सुबह 8.40 पर इतवारी पहुंचेगी। इतवारी से रीवा के लिए शाम 5.30 पर इतवारी से रवाना होकर रात 8.30 पर छिंदवाड़ा पहुंचकर 8.50 पर रवाना, रात 11.20 पर नैनपुर पहुंचकर 11.45 पर रवाना, रात 3.35 पर कचपुरा, सुबह 4.05 पर जबलपुर पहुंचकर 4.15 को रवाना होकर सुबह 8.20 पर रीवा पहुंचेगी। सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, सिवनी, चौरई, छिंदवाड़ा, रामाकोना, सावनेर, रूकते हूए इतवारी पहुंचेगी ट्रेन 3 दिन (बुधवार, शनिवार, सोमवार) इतवारी से चलेगी तो वहीं अगले 3 दिन रीवा से चलेगी।

## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला कटनी (मप्र)

पत्र क्रमांक 631/खनिज/2023 | कटनी, दिनांक 12/4/2023

मप्र गौण खनिज नियम 1996 के नियम 18(1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा/पूर्वक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

**संसोधित प्रथम सूचना**

संचालक, संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल के पत्र क्रमांक 788/खनिज/2023 दिनांक 17.01.2023 के पालन मे यह सूचित किया जाता है कि, आवेदक मेसर्स/श्री/मेसर्स बालाजी एक्सपर्टीज पार्टनर नीति गोस्वामी, निवासी- 22, राय कालोनी कटनी जिला कटनी (म0प्र0) (नाम एवं पता) द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर आवेदन पत्र दिनांक 24.08.2022 को प्रस्तुत किया गया है। सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा | भूमि का प्रकार शासकीय/निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कटनी | बड़वारा | माल्हन | 74, 114 | 4.00 | शासकीय भूमि | मार्बल | |
| | | | कुल रकबा | 4.00 | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदका स विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते है, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते है तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करनें हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यह प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नही होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नही लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
खनिज शाखा
जिला कटनी

जी-11957/23

## मानव सेवा का संदेश देते संत निरंकारी मिशन का कार्यक्रम

# रक्तदान जैसा स्तुत्य दान कोई नहीं



कटनी, यशभारत। लोगों की जिंदगी बचाना बड़ा ही अनमोल काम है। स्वस्थ मनुष्य के इच्छाशक्ति से रक्तदान कर एक जिंदगी को बचाया जा सकता है। पीड़ित मानवता की सेवा का संदेश देने के लिए संत निरंकारी मिशन कटनी द्वारा रविवार को नेक काम किया गया। एक दिन पहले जागरुकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो में रक्तदान के प्रति जागरुत का संदेश दिया गया। रविवार सुबह 9 बजे से विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस आयोजन में मंडल के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान शिविर में भाग लिया। इस मौके पर रक्तदान करने के लिए 250 लोगों ने पंजीयन कराया। 157 लोगों ने रक्तदान किया। जिला अस्पताल से बस सहित डॉक्टरों व नर्सिंग स्टॉफ की टीम पहुंचीं। रक्तदान कराया। इस दौरान चकित्सकों ने रक्तदान का महत्व व फायदों के बारे में बताया। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में जगह कम होने के कारण कम संख्या में लोगों ने रक्तदान किया। उल्लेखनीय है कि लगातार समाजसेवा के क्षेत्र में काम किए जा रहे हैं। मिशन द्वारा 24 अप्रेल 5 से 7 तक तक सत्संग व लंगर का आयोजन किया जाएगा। सदगुरु माता सुदीक्षा महाराज की प्रेरणा से संत निरंकारी मिशन द्वारा रक्तदान जागरुता रैली व शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मानवता के मसीहा बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में देश-विदेश के साथ कटनी में किया गया। रक्तदान शिविरों के आयोजन से मानव एकता दिवस के रूप में मनाया गया। सभी रक्तदाता स्वैच्छापूर्वक सम्मिलित होकर पूरे जोश एवं उत्साह से रक्तदान शिविर में शामिल हुए।

## लगातार नौ घंटे से अधिक ट्रेन नहीं चलाएंगे लोको पायलट

### कटनी-बिलासपुर रेलखंड के सिंहपुर स्टेशन में हादसे के बाद रेलवे बोर्ड का निर्णय

**कटनी, यशभारत।** कटनी-बिलासपुर रेलखंड के सिंहपुर रेलवे स्टेशन में बीते दिनों दो मालगाड़ियों के बीच हुई भिड़ंत के बाद रेलवे बोर्ड ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जिसमें कहा गया है कि लोको पायलट से लगातार नौ घंटे से ज्यादा ड्यूटी नहीं कराई जाए। विशेष हालात में ही 12 घंटे काम लिया जाए। इसके लिए भी उनसे सहमति लेनी होगी। दरअसल दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के बिलासपुर मंडल के तहत आने वाले सिंहपुर स्टेशन के पास 19 अप्रेल को दो मालगाड़ी टकरा गई थी। हादसे में एक लोको पायलट की मौत हुई थी। इसके बाद शुक्रवार की रात एक अन्य मालगाड़ी ने भी सिग्नल ओवरशूट किया था। गाड़ी रेड सिग्नल को पार कर गई थी। रेलसूत्रों ने बताया कि मालगाड़ी टकराने की जांच में सामने आया था कि लोको पायलट 14 घंटे से ज्यादा समय तक ड्यूटी पर था। वह थका हुआ था। इसी के मद्देनजर रेलवे बोर्ड के कार्यकारी निदेशक विद्युत अभियांत्रिकी (चल स्टाफ) किशोर वैभव की ओर से ड्यूटी को लेकर निर्देश जारी किया गया है। रेल महाप्रबंधकों को निर्देश दिए गए हैं कि रनिंग स्टाफ से नौ घंटे से ज्यादा लगातार ड्यूटी न कराई जाए। रेलवे बोर्ड के इस निर्णय से रनिंग स्टाफ ने राहत की सांस ली है।

## सर्वशक्ति वुमन्स पावर ग्रुप ने दी जरुरी सामग्रियां




**कटनी, यशभारत।** श्री सर्वशक्ति वुमन्स पावर ग्रुप के द्वारा घंटाघर हनुमान मंदिर में वैशाख के महीने में अक्षय तृतीया के उपलक्ष में 21 मटके और 45 पैकेट सतुआ और 45 पैकेट शक्कर के प्रसाद स्वरूप बांटे गए। यह कार्यक्रम घंटाघर मंदिर में मां काली पूजा पाठ करने के बाद प्रारंभ किया गया। इसमें जरूरतमंदों के साथ-साथ कुछ दुकानों, मंदिरों, स्कूलों में मटके रखे गए ताकि लोगों को स्वच्छ और साफ सुथरा पानी रोज मिल सके। सर्वशक्ति ग्रुप का अलग-अलग जगहों पर 2 मटके रखवाने का यह उद्देश्य था कि लोगों को परेशानी ना हो पानी भरने में और प्रतिदिन साफ सुथरा पानी सभी लोगों सभी को मिल सके। इन सभी कार्य को करने में माही तिवारी, वाणी गट्टानी, श्रुति चौदहा, ममता तोमर, रिया खमपरिया, मंजू शर्मा, आशा गुप्ता ,ईशु खमपरिया, सचि गुप्ता, श्रद्धा पांडे, रत्ना अग्रवाल, योगिता त्रिसोलिया, अतीष खमपरिया अखिलेश पुरवार आदि की उपस्थिति रही।

# एलआईसी ने स्कूली बच्चों के साथ अभिभावकों को भी किया पुरूस्कृत

**कटनी यशभारत।** विगत दिनों अक्षरनंदन स्कूल नई बस्ती को बेस्ट स्कूल का अवार्ड प्राचार्य श्रीमती माधवी पांडे को प्रदान किया गया, यह पुरूस्कार एलआईसी ने दिया। इस अवसर पर स्कूल के छात्रों एवं टीचर्स का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर एलआईसी के ब्रांच मैनेजर हरीश गंगवानी- असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर- नीलेश पटेल एवं विवेक कोरी विकास अधिकारी स्वराज पारे एवम अभिकर्ता योगेश तिवारी जी उपस्थित रहे। बच्चों को आशीर्वाद प्रदान करने के लिए श्रीमती गुलाब देवी सोनी, मुकेश चंदेरिया, हरि नागवानी, बादशाह जी, वंदना गेलानि , आकाक्षा बरसैया, शालिनी सोनी, कविता तिर्थानी, राजकुमार सोनी, प्रियंका सोनी आदि अतिथि उपस्थित रहे। बेस्ट आभिभावक् के लिए अंकित खरे को सम्मानित किया अंतिम में आभार प्रदर्शन स्कूल की प्राचार्य श्रीमती माधवी पांडे एवं संचालक अनंत पांडे द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंजलि पाठक, ट्विंकल पॉपटानी , शुभी अग्रवाल ,राशि जैन, रोशानी मैम, अर्चना मैम, तिशा गुप्ता, कुलदीप पांडेय, हरीश झामनानी, शारदा एवम चंदर का विशेष योगदान रहा। आगे भी इस तरह के आयोजन करने के लिए स्कूली बच्चों का उत्साहवर्धन किया।



# किसान मोर्चा ने खरीदी केन्द्रों में पहुंच कर किया अन्नदाता का स्वागत, अभिनंदन



**कटनी, यशभारत।** कटनी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा की मंशानुसार एवं किसान मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी के निर्देशानुसार खरीदी केंद्र तहसील रीठी अंतर्गत देवगांव, तिलगवां में पहले दिन अपनी उपज बेचने आये अन्नदाता किसानों का किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी के नेतृत्व में पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं क्षेत्र के अन्य किसानों को खरीदी केंद्र में अपनी उपज लाने के लिए प्रोत्साहित किया जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने भाजपा बताया कि भाजपा सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए किसान मोर्चा प्रतिबद्ध है। श्री तिवारी ने जिले के सभी किसानों से आग्रह किया कि सभी किसान खरीदी केंद्र में अपनी उपज लेकर आए एक-एक दाना मध्यप्रदेश की किसान हितैषी सरकार खरीदी केंद्रों के माध्यम से समर्थन मूल्य में खरीदी चालू कर दी है। कोई भी किसान किसी भी तरह के नुकसान में उपज न बेचें अगर खरीदी केंद्रों में कोई परेशानी होती है तो भाजपा किसान मोर्चा तथा संगठन का हर कार्यकर्ता उसके समाधान हेतु ततपर रहेगा। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कन्हैया तिवारी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप काछी, जिला मंत्री इंद्र मिश्रा, जिला सोशल मीडिया प्रभारी शिवप्रकाश चक्रवर्ती, बिलहरी मंडल उपाध्यक्ष प्रदीप यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्ष घोषित

**कटनी,यशभारत।** कटनी जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि कटनी जिले की विजयराघवगढ़ विधानसभा की 21 मंडलम कांग्रेस कमेटी एवं 60 सेक्टर कांग्रेस कमेटियों का गठन किया गया है। जिला प्रभारी रमेश चौधरी एवं सह प्रभारी महेश गुलवानी की सहमति से मध्य प्रदेश मंडल सेक्टर कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अशोक सिंह द्वारा मंडलम एवं सेक्टर कांग्रेस के अध्यक्षों की की घोषणा की गई है।

मंडल अध्यक्षगण देवराकला रमेश राय, अमेहटा सुरसरि उरमालिया, जिवारा सुरेंद्र सिंह चौहान, कांटी चरण चौधरी, बिजयरावगढ़ रत्नेश प्रताप, कारीतलाई राम रतन चक्रवर्ती, बंजारी सलीम भाई सल्लू, कैमूर के के तिवारी, हरैया कैलाश साहू, जमवानी कला प्रीतम पटेल, सिंगोड़ी तोहिद खान, सिजहरा सुनील द्विवेदी, डिघी रामाधीन पटेल, गैरतलाई अजय चतुर्वेदी, पिपरिया कला हरि कचेर, कुठिया महगवा अशोक उपाध्याय, करौंदी खुर्द शांति शंकर पटेल, बिचपूरा नरपत कुशवाहा, बरही विजय अग्रवाल, सलैया सिहोरा प्रदीप सिंह, खितौली तेज प्रताप सिंह की घोषणा की गई है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने बताया कि विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 60 सेक्टर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष घोषित किए गए हैं। जिसमें भैंसवाही रामजी द्विवेदी, हरदुआ कमल पुरी गोस्वामी, देवरा कला बाला बढ़गईया, ननहवारा कला नन्हे सिंह बागरी, पंडखुड़ी शिवकुमार विश्वकर्मा, मेहगांव कव्वाल आदिवासी, बरहेटा गुलाब पाल, रजरवारा जितेंद्र सिंह, देवसरी इंदौर कामता पटेल, मुहास चांद खान वीडीसी, कुर्सीटोला रिजवान खान, कांटी चंद्रभान कोरी, बिजयराघवगढ़ 1 विजय गुप्ता, 2 कौशल मिश्रा, पुरैनी संजय पाठक, कारितलाई भोला बडगैया, बमहोरी सीताराम यादव, परसवारा जयराम बर्मन, खजुरा बुद्धू लाल केवट, गुडेहा शत्रुघन, झिरिया बृजकिशोर विश्वकर्मा, कैमूर 1 श्रीकांत गुप्ता, 2 विजयगिरी कैमूर 3 सर्वर खान एसलैया रोहित सिंह, हरैया अंबिका पटेल, गुडगुडेहा भूप नारायण पांडे, दुर्जनपुर रामबालक पटेल, खेरवा राजा बाबू कोल, सिंगोड़ी प्रसात द्विवेदी, सिघननपुरा सुरैया कुमार कोल, चपना नन्हे सिंह, खेरवा नंबर 1 विजय सिंह बघेल, सिजहरा लल्लन तिवारी, घोहावल सुरेंद्र सिंह, डिघी कृष्ण केवट, धवाइयां प्रिंस बर्मन, गैरतलाई भीम सिंह पटेल, ओबरा रवि तिवारी, इटोरा कमलेंद्र सिंह, पिपरिया कला बलराज विश्वकर्मा, खिरहनी निरपत कोल, राजेश तिवारी, कोठिया महगवा हरी लाल विश्वकर्मा, कुआं राकेश सिंह मोनू, विजय यादव, कन्नौर कौशल सिंह, झिरिया अजय यादवएखन्ना बंजारी रामस्वरूप पटेल, बिचपूरा पुष्पराज कुशवाहा, करौदी कला विनय पटेल, बरही 1 सतीश मरावी बरही 2 रामचरण गुप्ता, बरही 3 मोहम्मद सकुर, बम्होरी राजकुमार द्विवेदी, हदरहटा हरि ओम गुप्ता, खतौली प्रमोद जैन, बरन महकवा राजेंद्र पुरी गोस्वामी, सलैया सिहोरा जीवन सिंह को घोषित किया गया है। नियुक्त पदाधिकारियों को कांग्रेस नेताओं ने बधाई दी है।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 26 अप्रैल 2023

आप तक आपका प्रिय अखबार यश भारत नहीं पहुंच रहा हो तो हमें शीघ्र सूचित करें
फोन- 230033, मो. 9425362893, 8839684296
कार्यालय:- कचहरी चौक, कटनी



# चौपाटी की तरफ 10 मीटर होगा ग्राउण्ड का विस्तार, शिफ्ट होंगी दुकानें

## हॉकी और क्रिकेट ग्राउण्ड की दीवार को चौपाटी की तरफ डिस्मेंटल करने में नगर निगम प्रशासन की लापरवाही

**कटनी, यशभारत। करीब 20 करोड़ रूपए की लागत से फॉरेस्टर प्लेग्राउण्ड में सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा है। प्रथम चरण में ग्राउण्ड को डिस्मेंटल किया जा रहा है। क्रिकेट और हॉकी ग्राउण्ड के बीचोंबीच बनी दीवार के साथ ही बैडमिंटन और टेबिल टेनिस हॉल को तोड़ने काम चल रहा है। डिस्मेंटल होने के बाद मप्र पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा सर्वसुविधायुक्त स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का काम शुरू किया जाएगा, फिलहाल ग्राउण्ड को डिस्मेंटल किए जाने में लेटलतीफी का मामला सामने आया है। समय सीमा निकल चुकी है और ग्राउण्ड को पूरी तरह से डिस्मेंटल नहीं किया गया है। इस मामले में डिस्मेंटल ठेकेदार के साथ ही नगर निगम प्रशसन की लापरवाही भी सामने आई है।**

### डिस्मेंटल के ठेकेदार को मिला 4 मई तक का समय, इसके बाद मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग बोर्ड कार्पोरेशन शुरू करेगा काम



यश भारत खास खबर

सूत्रों के मुताबिक हॉकी और क्रिकेट ग्राउण्ड से चौपाटी की ओर 10-10 मीटर जगह खाली होना है, जिससे ग्राउण्ड को अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुसार बनाया जा सके, लेकिन नगर निगम द्वारा अब तक चौपाटी में 10-10 मीटर की जगह खाली करके डिस्मेंटल ठेकेदार को उपलब्ध नहीं कराई गई है, जिससे डिस्मेंटल करने का काम पिछड़ रहा है। गौरतलब है कि फॉरेस्टर प्लेग्राउंड को अंतर्राष्ट्रीय लुक देने एवं सर्वसुविधायुक्त इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए ग्राउण्ड को डिस्मेंटल किया जा रहा है। जबलपुर के ठेकेदार को डिस्मेंटल करने के लिए 3 लाख 75 हजार रूपए में ठेका दिया गया था। ठेकेदार द्वारा 28 मार्च से काम शुरू किया गया था। ठेकेदार को 15 दिन के अंदर खेल मैदान को पूरी तरह डिस्मेंटल करके खेल विभाग के सुपुर्द करना था लेकिन ठेकेदार ने मनमाफिक कार्य करके विलम्ब किया। समयावधि में कार्य नहीं किये जाने पर डिस्मेंटल के अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को 300 रूपए प्रतिदिन पेनाल्टी के हिसाब से 10 दिन के अंदर खेल मैदान को डिस्मेंटल करना था, लेकिन ठेकेदार द्वारा अभी तक कार्य पूर्ण नहीं किया गया। प्रशासनिक आदेश मिलने के बाद भी चौपाटी की दीवार को डिस्मेंटल किया जाएगा।

### निर्धारित समय में काम नहीं हुआ तो होगी कार्यवाही

जिला खेल अधिकारी विजय भार ने **यशभारत** को बताया कि कि डिस्मेंटल ठेकेदार को 4 मई तक के लिए 10 दिन का दोबारा अतिरिक्त समय दिया गया है। उक्त ठेकेदार को अब अंतिम अवसर प्रदान किया गया है। यदि समय अवधि के दौरान ठेकेदार कार्य पूर्ण करने में विफल साबित होता है तो फिर ठेके की नियम और शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि ठेका अवधि समाप्त होने के बाद एक बार पहले भी 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया था। दोबारा 10 दिन का अतिरिक्त समय ठेकेदार को दिया गया है। 10 दिन की अवधि 4 मई को समाप्त होगी इस अवधि के बाद अब समय बढ़ाया नहीं जाएगा।

### दीवार पर लगे दुकानदारों के मीटर

बताया जाता है कि हॉकी ग्राउंड एवं क्रिकेट ग्राउंड की दीवारों को डिस्मेंटल करने के बाद चौपाटी साइड मैदान का 10 मीटर एरिया विस्तारित करते हुए ग्राउण्ड को अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों अनुसार बनाया जाएगा, जिससे आने वाले राष्ट्रीय स्तर के मैचों का आयोजन कराया जा सके। ग्राउंड एवं चौपाटी के बीच की जिस दीवार को डिस्मेंटल किया जाना है, उसमें कई दुकानदारों के विद्युत मीटर लगे हैं। ऐसे में खेल विभाग का कहना है कि इस बारे में प्रशासनिक स्वीकृति का इंतजार किया जा रहा है।

### इनका कहना है

ग्राउण्ड को डिस्टमेंटल किए जाने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार को 4 मई तक का समय दिया गया है। इसके बाद मप्र पुलिस हाऊसिंग कार्पोरेशन द्वारा स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स काम शुरू किया जाएगा। यह बात सही है कि चौपाटी की ओर 10-10 मीटर की जगह खाली करके देना है, लेकिन प्रशासनिक स्वीकृति के अभाव में ऐसा नहीं हो सका। ठेकदार से कहा गया है कि चौपाटी की दीवार को छोड़कर बाकी काम समय सीमा में पूरा करे।

-विजय भार,
जिला खेल अधिकारी

## नेता प्रतिपक्ष ने की समग्र केंद्रों में नई आईडी बनाने की मांग

**कटनी, यशभारत।** नगर निगम नेता प्रतिपक्ष रागिनी मनोज गुप्ता ने समग्र केंद्रों में नई समग्र आईडी बनवाने आवश्यक निर्देश दिए जाने की मांग कलेक्टर व आयुक्त से की है। वर्तमान में स्कूलों में प्रवेश प्रारंभ होने और लाडली बहना योजना हेतु नवीन समग्र आईडी बनवाने हेतु समग्र केंद्रों में भारी भीड़ लग रही है, लेकिन नवीन समग्र आईडी बनाने के लिए मना किया जा रहा है और बताया जा रहा है कि सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में यही स्थिति है। एक तरफ जहां शासन द्वारा योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रचार प्रसार किया जा रहा है वही समग्र आईडी नही बनने की दशा में लाखों की संख्या में बहनों को लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित भी किया जा रहा है। समग्र आईडी में नए सदस्यों के नाम नहीं जुड़ने से स्कूलों में बच्चों को प्रवेश भी नही मिल पा रहा है। कलेक्टर व कमिश्नर से मांग की गई है कि समग्र आईडी में नए सदस्यों का नाम जोड़ने और नई समग्र आईडी बनाने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं।

## रोड नहीं, तो वोट नहीं, ग्रामीणों ने दी मतदान के बहिष्कार की चेतावनी

### सालों से नहीं हुआ 5 किलोमीटर सड़क का निर्माण, ग्रामीणों ने कहा : लोक निर्माण विभाग से वापस लिया जाए सड़क का आधिपत्य

**कटनी, यशभारत।** पिछले कई सालों से सड़क का निर्माण नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए रोड नहीं तो वोट नहीं यानि मतदान के बहिष्कार की चेतावनी दी है। आदिवासी बाहुल्य ढीमरखेड़ा तहसील के ग्राम भमका से रोझन गांव पहुंच मार्ग लगे इस बैनर के बाद भी प्रशासन हरकत में नहीं आया है। ग्रामीणों ने कहा कि लगभग तीन किलोमीटर वाला मार्ग कई दशकों से खस्ताहाल है। लोक निर्माण विभाग की खस्ताहाल सड़क इन दिनों ऐसी हो गई है कि यहां पर ग्रामीणों को आवागमन करना बड़ी मुसीबत भरा हो गया है। बताया जाता है कि ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम रोझन के वाशिंदों ने मुख्य मार्ग पर बैनर लगाकर रोड नहीं तो वोट नहीं की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने बताया कि स्वतंत्रता के बाद मात्र एक बार सड़क में कार्य हुआ है। 5 किलोमीटर की सड़क खस्ताहाल है। आवागमन करने में ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जल्द से जल्द अगर विभाग ने समस्या का निराकरण नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों ने मांग की है कि उपरोक्त मार्ग को लोक निर्माण विभाग से हटाते हुए दूसरे विभाग को सौंपा जाए। यह सड़क प्रधानमंत्री या फिर मुख्यमंत्री सड़क में शामिल की जाए। भमका से कटरा तक लगभग 5 किलोमीटर तक सड़क का निर्माण किया जाए। यह मांग ग्राम भमका और रोझन के रहवासियों ने की है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अच्छी सड़क का निर्माण कराए जाने मांग रखी है। ग्रामीणों का कहना है कि यहां के लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। चुनाव के समय नेता पहुंचते हैं चहुंमुखी विकास कराने का दावा और वादा करते हैं लेकिन चुनाव जीतने के बाद गांव के लोगों की समस्या को कोई मुड़कर नहीं देख रहा। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में यह समस्या गंभीर है, बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया जा रहा। जनप्रतिनिधियों को लोगों की समस्या से कोई सरोकार नहीं है।





## ट्रांसजेंडरों को ओबीसी वर्ग में शामिल किए जाने का विरोध

### ओबीसी महासभा ने पीएम एवं सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

**कटनी, यशभारत।** राज्य सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग की लगातार उपेक्षा को लेकर ओबीसी महासभा राष्ट्रीय कोर कमेटी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय कटनी में ओबीसी महासभा द्वारा प्रदर्शन करते हुए 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया। ओबीसी के जिलाध्यक्ष डॉ. बी के पटेल ने बताया कि सरकार निरंतर ओबीसी के हक छीन रही है। महासभा की मांग है कि जातिगत जनगणना कराई जाए। ट्रांसजेंडरों को ओबीसी आरक्षण के कोटे से अलग कर प्रथक से विशेष आरक्षण दिया जाए। ईवीएम से चुनाव पर रोक लगाई जावे। लेटरल विधि से अधिकारी न बनाए जाये। मंडल कमीशन को पूरी तरह से लागू किया जावे। कोलेजियम सिस्टम हटाकर प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट जजों की नियुक्ति की जावे सहित अन्य मांगे शामिल है। इन मांगों को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर ऋषि राम पटेल जिलाध्यक्ष कुर्मी क्षत्रिय पटेल समाज, संतोष पटेल, राहुल बढ़ौलिया सचिव सैनी माली समाज, श्याम रजक रजक समाज जागरण समिति, मौजीलाल रजक, शिवप्रसाद यादव, डॉ. प्रदीप पटेल, संदीप चौधरी, जीतू चौधरी, नरेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

## अमानक पॉलीथीन के विक्रय पर 5 हजार रूपए का जुर्माना

कटनी, यशभारत। नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की संयुक्त टीम द्वारा बाजार एरिया में प्रतिबंधित पॉलीथिन सामग्री का भंडारण एवं विक्रय करने पर संबंधित व्यापारी गणेश प्लास्टिक पर 5 हजार का जुर्माना लगाकर राशि वसूलने की कार्रवाई की गई। साथ ही अमले द्वारा संबंधित व्यापारी को हिदायत देते हुए कहा गया। कि दोबारा अगर प्रतिबंधित पॉलिथीन का क्रय विक्रय बाजार में करते पाए गए। तो कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहना इस कार्रवाई से बाजार एरिया के व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति मची हुई थी। कार्रवाई के दौरान मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वैज्ञानिक संजय मुकाती सहायक यंत्री प्रतीक ज्योतिषी जेपी शुक्ला नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी स्वास्थ्य निरीक्षक तेजभान सिंह, दीपक मलिक, वार्ड दरोगा करीफ खान, सुशील मलिक अन्य अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति रही।



## गांव में स्कूल के बगल से खोल दी शराब की दुकान

**कटनी, यशभारत।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पहरिया में शराब के अवैध विक्रय से परेशान महिलाओं ने शराब की दुकान बंद कराने प्रशासन से गुहार लगाई।



विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पहरिया निवासी महिलाओं ने एडीएम से शिकायत करते हुए बताया कि मुड़ेहरा पंचायत के अंतर्गत आने वाले गांव में स्कूल के बगल से शराब की अवैध दुकान खोल दी गई है। गांव में ही शराब आसानी से उपलब्ध हो जाने के कारण युवा व बच्चे नशे की गिरफ्त में आ रहे है। बच्चे भी बुरे लोगों के साथ में फंस रहे है जिससे उनकी भी आदत खराब हो रही है एवं हमारे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। महिलाओं ने बताया कि पति शराब पीकर घर में मारपीट करते हैं, जिससे हम लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। एडीएम को दी शिकायत में आशा बाई, राधा बारे, संगीता चौधरी, अंजली चौधरी, सुकरानी बाई, कुसुम बारे, देववती, सोना सिंह, वंदना, सावित्री, गुड्डी बाई, रामकुमारी, सुमन बाई सहित अन्य ने शराब का विक्रय बंद कराने की मांग की है। महिलाओं की शिकायत पर एडीएम ने जल्द से जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## मुड़वारा युवा कांग्रेस के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**कटनी, यशभारत।** मप्र युवा कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने ब्लॉक स्तर पर नियुक्तियां की जा रही हैं। यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो को गति प्रदान करने प्रदेश युवा कांग्रेस की सहमति से मुड़वारा विधानसभा अध्यक्ष राहुल पटेरिया की अनुशंसा पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंशू मिश्रा द्वारा इंदिरा गांधी ब्लॉक क्रं. 1 पर अनुराग दाहिया, ब्लॉक क्रं. 2 पर हरीश यादव, मुड़वारा ब्लॉक पर राज मिश्रा एवं माधवनगर उप ब्लॉक पर रोहित भोजवानी को नियुक्त किया है। नियुक्ति पर कांग्रेस जनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है विवाह के पूर्व मेरा नाम एकता माधवानी था जो कि विवाहोपरांत बदलकर श्रीमती दित्या डेंगानी पति श्री नवीन कुमार डेंगानी हो गया है। अतः आज से मुझे मेरे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे एवं समस्त दस्तावेजों में यही नाम दर्ज किया जावे।

**पुराना नाम- एकता माधवानी**
**नया नाम- श्रीमती दित्या डेंगानी**
**पता- राधा स्वामी सत्संग डेरा, जगमोहन दास वार्ड, कटनी (म.प्र.)**

किराए से देना है
एक रूम 12 बाय 15 अटैच 3000/- प्रति व्यक्ति, एक हॉल 22 बाय 50 कार्यालय, दुकान एवं गोदाम के किराए से देना है।
संपर्क-8109417340

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
28 अप्रेल से
रोजाना 3 शो
12.00 PM (AUDI-1)
06.00 PM (AUDI-1)
09.00 PM (AUDI-2)



किसी का भाई किसी की जान
Rate card
Diamond class...300/-
Platinum class...250/-
Gold class..........200/-
Silver class.........150/
वैसे आपका नाम क्या है.. मेरा कोई नाम नहीं है ,लेकिन मैं भाईजान नाम से जाना जाता हूं
Tickets Available on Book My Show
एडवांस बुकिंग चालू है, संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
28 अप्रेल से
रोजाना 3 शो
01.00 PM (AUDI-2)
04.00 PM (AUDI-2)
07.00 PM (AUDI-2)



पीएस-2
कलाकार- एश्वर्या राय बच्चन, तृषा कृष्णन, जयराम रवि आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
28 अप्रेल से
रोजाना 3 शो
10.45 AM (AUDI-2)
03.00 PM (AUDI-1)
10.15 PM (AUDI-2)



बैड ब्वाय
कलाकार- नमाषि चक्रवर्ती, अमरीन कुरैशी, दर्शन जरीवाला आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में
ऑल इंडिया रिलीज



रोजाना 2 शो ता. 28 से 12 एवं सायं 3 बजे से
ईद के अवसर पर आ रहा है, आपका भाई और आपकी जान धमाकेदार एन्ट्री के साथ सपरिवार देखने योग्य फिल्म
किसी का भाई किसी की जान
कलाकार- सलमान खान, पूजा हेगड़े, शहनाज गिल, वेंकटेश, अभिमन्यु सिंह आदि।
नोट- एडवांस बुकिंग 18 अप्रेल से चालू है
Rate card
Box....120/-
Balcony....100/-
Upper...80/-
Lower...80/-



## किसानों, गरीबों, लाइनमेनों के लिए कैबिनेट में कई अहम निर्णय

# बारिश, ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान पर सहायता राशि में प्रति हेक्टेयर पांच सौ से दो हजार की बढ़ोतरी

**भोपाल , यशभारत। चुनाव से पहले शिवराज सरकार ने किसानों, गरीबों, लाइनमेनों को लुभाने के लिए कैबिनेट में कई अहम निर्णय लिए गए। मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसल बर्बाद होने पर अनुदान सहायता राशि में प्रति हेक्टेयर 500 से 2000 रुपये की बढ़ोतरी की। इसके अलावा प्रदेश में गरीबों को 10 रुपये में भरपेट भोजन कराने के लिए 45 नए दीनदयाल रसोई केंद्र खोलने की भी स्वीकृति दी गई। इसी तरह 70 सीएम राइज स्कूल के लिए 2847 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।**

कैबिनेट ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड छः क्रमांक 4 में संशोधन का अनुसमर्थन किया गया। जिसके अनुसार लघु एवं सीमांत 0 से 2 हेक्टेयर तक कृषि भूमि धारित करने वाले कृषक/खातेदार को वर्षा आधारित फसल के नुकसान पर (प्रति हेक्टेयर) नीचे दी राशि मिलेगी। -25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 5 हजार 500 रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 8 हजार 500 रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 17 हजार रुपये सिंचित फसल के लिए (प्रति हेक्टेयर)-प्रति हेक्टेयर 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 9 हजार 500 रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 16 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार 500 रुपयेबारामाही (पैरीनियल) (बोवाई/रोपाई से 6 माह से कम अवधि में(प्रति हेक्टेयर)- 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर) फसल के लिए 9 हजार 500 रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेबारामाही (पैरीनियल)



(बोवाई/रोपाई से 6 माह से अधिक अवधि के बाद (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर फसल के लिए 16 हजार रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 21 हजार रुपये- 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेसब्जी, मसाले तथा ईसबगोल की खेती के लिए (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 27 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेसेरीकल्चर (एरी. शहतूत और टसर) फसल के लिए (प्रति हेक्टेयर)-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 6 हजार 500 रुपये तथा मूंग के लिए 8 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 13 हजार रुपये तथा मूंग के लिए 16 हजार रुपयेलघु एवं सीमांत कृषक से भिन्न कृषक-2 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि धारित करने वाले कृषक / खातेदार को वर्षा आधारित फसल के लिए (प्रति हेक्टेयर)- 25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति पर 5 हजार रुपये- 33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 7 हजार 300 रुपये- 50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 14 हजार 600 रुपयेसिंचित फसल के लिए प्रति हेक्टेयर (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 7 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति पर 14 हजार 500 रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति पर 29 हजार रुपये बारामाही (पैरीनियल) (बोवाई/रोपाई से 6 माह से कम अवधि के बाद (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर) फसल के लिये 7 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेबारामाही (पैरीनियल) (बोवाई/रोपाई से 6 माह से अधिक अवधि के बाद (प्रति हेक्टेयर)-25 से 33 प्रतिशत फसल क्षति होने पर) फसल के लिए 13 हजार रुपये-33 से 50 प्रतिशत फसल क्षति होने पर 19 हजार रुपये-50 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर 32 हजार रुपयेसब्जी, मसाले तथा ईसबगोल की खेती के लिए (प्रति हेक्टेयर)।

### कहां कितने रसोई केंद्र बनेंगे

नगरपालिक निगम भोपाल में 4, इंदौर में 3, ग्वालियर और जबलपुर में 2-2, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, देवास, कटनी, खंडवा, मुरैना, रतलाम, रीवा, सागर, सिंगरौली एवं उज्जैन में एक-एक तथा नगरपालिका परिषद पीथमपुर और मंडीदीप में एक-एक चलित रसोई केंद्र शुरू होंगे।20 हजार से 50 हजार जनसंख्या वाले नगरीय निकाय मंडीदीप, आष्टा, गंजबासौदा, सिरोंज, गोहद, राघौग?, डबरा, सारणी, इटारसी, सेंधवा, पीथमपुर, गाडरवारा, बीना, खुरई, मकरोनिया, बुजुर्ग, जावरा, शुजालपुर, नागदा, मालथौन और बुधनी में एक-एक नवीन रसोई केंद्र की स्थापना की जाएगी।

### कुल 100 रसोई केंद्र होंगे

बता दें, जरूरतमंदों को किफायती दर पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए प्रथम चरण में प्रदेश के 51 जिला मुख्यालयों के 56 केन्द्रों में दीनदयाल अन्त्योदय रसोई योजना (प्रथम चरण) प्रारंभ की गई। द्वितीय चरण में 52 जिला मुख्यालयों में 94 एवं 6 धार्मिक नगरियों (मैहर, चित्रकूट ओंकारेश्वर, महेश्वर ओरछा एवं अमरकंटक) के कुल 100 रसोई केंद्रों में विस्तार किया गया।

# लव स्टोरी औरों में कहां दम था...की शूटिंग कर रहे अजय

■ भोपाल, यशभारत।



भोपाल के रमणीय प्राकृतिक स्थल और सुंदर लोकेशन के कारण फिल्मी सितारे व निर्देशक ज्यादातर शूटिंग भोपाल में ही करना पसंद कर रहे हैं। यही वजह है कि शहर की गलियों में इन दिनों बालीवुड के सितारे अपनी फिल्मों की शूटिंग करने में व्यस्त हैं। इस माह तो बड़े अभिनेता और अभिनेत्रियों का जमावड़ा लगा हुआ है। राजधानी पहुंचे अजय देवगन फिल्म च्औरों में कहां दम था... शूट कर रहे हैं। यह एक म्युजिकल लव स्टोरी फिल्म है। इस फिल्म में तब्बू, जिम्मी शेरगिल भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। ये दोनों सितारे भी जल्द भोपाल आने वाले हैं। इसके अलावा भोपाल की आसपास की लोकेशन पर च्लव की अरेंज मैरिजज् फिल्म की शूटिंग चल रही है। इसे ईदगाह हिल्स, कलियासोत डैम, कोहेफिजा और गौहर महल जैसी लोकेशन पर फिल्माया जा रहा है। इससे पहले ओरछा, दतिया और झांसी में फिल्म की शूटिंग की जा चुकी है। इस फिल्म में जितेंद्र कुमार मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इनके अलावा सनी सिंह, राजपाल यादव, अन्नू कपूर, सुप्रिया पाठक, अवनीत कौर, पारितोष त्रिपाठी, सुधीर पांडे और हैरी जोस जैसे सितारे भोपाल में शूटिंग करने के लिए आना-जाना कर रहे हैं।अगल-अलग प्रोडक्शन हाउस से जुड़े लोगों ने बताया कि मप्र में 2023 के अंत तक 40 से अधिक फिल्म और वेब सीरीज को शूट किया जाएगा। अभी फिल्म 'नौसिखिए'की शूटिंग खत्म हुई है। साथ ही फिल्म 'आजाद' कोलार में शूट की गई। इसमें अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी, अजय देवगन के भांजे अमन देवगन अभिनय कर रहे हैं। वहीं अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती एक मूवी की शूटिंग के बाद वापस लौट गए हैं। जबकि अली फजल वेब सीरीज के लिए आने वाले हैं। वरुण धवन, डायना पेंटी भी फिल्म की शूटिंग भोपाल में ही करेंगी।

### फिल्म मेकर्स को लुभा रहा एमपी

भोपाल में वीआइपी रोड, बोट क्लब, अपर लेक, गौहर महल, मोती महल, कोलार के जंगल, रातापानी के साथ ही रायसेन, ओरछा, चंदेरी, पचमढ़ी, महेश्वर, मांडू, ग्वालियर, जबलपुर, पन्ना नेशनल पार्क और बैतूल में फिल्म मेकर्स शूटिंग करना पसंद कर रहे हैं।

# ब्यूटीशियन का निकला खेत में मिला शव, हत्या के बाद खेत में फेंका था



■ भोपाल, यशभारत।

राजधानी के बिलखिरिया इलाके में रविवार दोपहर अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया था। पुलिस ने 24 घंटे के बाद शव की पहचान टीला जमालपुरा राम मंदिर के पास रहने वाली 30 वर्षीय प्रीति विश्वकर्मा के रूप में कर ली है। मृतका ब्यूटीशियन थी और अपने पति से एक साल से अलग रह रही थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।बता दें कि ग्राम कानासैया के एक खेत में रविवार दोपहर करीब तीन बजे शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर जाकर देखा तो महिला के सिर पर बाल नहीं थे, वह बिग लगाए थी। उसके शरीर पर धारदार हथियार से जख्म के निशान थे।







### वरिष्ठ नागरिक परिसंघ, मध्यप्रदेश का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन

# वरिष्ठ नागरिक की सेवा करना ही एकमात्र लक्ष्य हो :शेखावत

■ भोपाल, यशभारत।

वरिष्ठ नागरिक परिसंघ मध्यप्रदेश का प्रथम प्रांतीय अधिवेशन सरस्वती शिशु मंदिर, काटजू नगर कालोनी रतलाम में आयोजित किया गया। अधिवेशन सुल्तान सिंह शेखावत,शहरी ग्रामीण असंगठित कर्मकार मंडल (केबिनेट मंत्री दर्जा) एवं रमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति मध्यप्रदेश (राज्य मंत्री दर्जा) के मुख्य अतिथि द्वय एवं विशेष अतिथि चंद्रशेखर शर्मा, चंद्रशेखर व्यास,श्री श्याम यादव, दिलीप मेहता, सुरेन्द्र शर्मा, श्रीमती निर्मला रोकड़े के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। अधिवेशन की अध्यक्षता सुरेश कुमार पालीवाल ने की। सर्वेप्रथम ने अतिथियों ने सरस्वती माता का पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। सरस्वती वंदना श्री सुभाष चितरे ने किया। दिलीप गोवलकर ने मुख्य अतिथियों का परिचय कराया। सुल्तान सिंह शेखावत ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा ,कि वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को वरिष्ठ नागरिक की सेवा करना ही एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के गठन एवं उद्देश्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पश्चात रमेश चंद्र शर्मा अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण समिति मध्यप्रदेश ने संबोधित किया। वरिष्ठ नागरिक की सेवा में स्वयं का भी समर्थन प्रकट किया। मांगीलाल पंडित प्रांतीय महामंत्री ने वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।प्रदेश कोषाध्यक्ष ने विगत 3 वर्ष का आय – व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। अधिवेशन में भोपाल से सुरेश पालीवाल,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष , दिलीप गोलवलकर , प्रदेश अध्यक्ष, अनिल कुमार पालीवाल, अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक परिसंघ जिला भोपाल बृजेश भटनागर रविन्द्र शुक्ला, प्रदीप पांडेय, हेमंत तेलंग,ने भोपाल जिले से प्रतिनिधित्व किया ।द्वितीय सत्र में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार एवं समस्याएं अधिवेशन के समक्ष रखा। अंतिम सत्र में अशोक पाटीदार पर्यावरणविद् द्वारा विचार रखे गए ।तत्पश्चात प्रांतीय पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। किशोर कुमार मंडोरा ने आभार प्रकट किया।

# बड़े तालाब में नए स्थानों पर हो रहा अतिक्रमण पुराने में ही उलझे अधिकारी

■ भोपाल, यशभारत।

रामसर साइट का दर्जा प्राप्त बड़ा तालाब अवैध अतिक्रमण की वजह से सिकुड़ता जा रहा है। जिस विभाग पर इसके संरक्षण और निगरानी की जिम्मेदारी है, उसके अधिकारी पुराने अतिक्रमणों को चिह्नित करने में ही उलझे हैं। जबकि इस बीच अतिक्रमणकारी कैचमेंट क्षेत्र में स्थित नए स्थानों पर कब्जा कर फार्म हाउस और कालोनियों का निर्माण कर रहे हैं। बोट क्लब के आगे निर्माणाधीन फ्लोटिंग रेस्टोरेंट के पास मिट्टी डालकर 15 हजार स्क्वायर फीट जमीन की पुराई कर दी गई है। लेकिन शिकायत करने के बाद भी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है।बता दें कि बड़े तालाब की निगरानी का जिम्मा नगर निगम द्वारा झील संरक्षण प्रकोष्ठ को सौंपा गया है। लेकिन अतिक्रमणकारियों से मिलीभगत होने की वजह से अधिकारी यहां कार्रवाई नहीं करते हैं। यदि उच्च अधिकारियों का दबाव आया तो खानूगांव, लालघाटी व आसपास के हाथठेला और गुमठियों पर कार्रवाई कर पल्ला झाड़ लेते हैं। जबकि बीते वर्षों में किए गए बड़े तालाब के सर्वे में नगर निगम के अधिकारियों ने भी स्वीकार किया है कि यहां एक हजार से अधिक स्थायी अतिक्रमण हैं। इन्हें नोटिस भी जारी किया जा चुका है। लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। जिला प्रशासन द्वारा दो साल पहले किए गए सर्वे के अनुसार बड़े तालाब के आसपास 1300 से अधिक अतिक्रमण चिह्नित किया गया था। वहीं, निगम प्रशासन ने 980 लोगों को नोटिस जारी किया था। लेकिन दो साल का समय बीतने के बाद भी निगम अमले ने अब तक एक भी अवैध निर्माण को लेकर कार्रवाई नहीं की है। बैरागढ़, खानूगांव की तरफ बड़े तालाब पर सबसे ज्यादा अतिक्रमण है। यहां पर 523 लोगों को नोटिस जारी किए है। लेकिन रसूखदारों के रौब के चलते ही यह अभियान शुरू होने से पहले ही ठंडे बस्ते में चला गया। राजधानी के 14 छोटे-बड़े तालाबों में से तीन का अस्तित्व खत्म हो चुका है। दो अस्तित्व की लड़ाई लड़रहे हैं। मोतिया तालाब पर सीमेंट-कंक्रीट का जंगल खड़ा हो गया है। गुरुबक्श की तलैया व अच्छे मियां की तलैया का नामोनिशान तक नहीं बचा है। नवाब सिद्दीक हसन तालाब अतिक्रमण से घिरा है। इस तालाब के एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में से 98 प्रतिशत पर कब्जा है। शेष दो प्रतिशत हिस्सा जलकुंभी से पटा है।

# अर्चना जायसवाल को मंदसौर और नूरी खान को नीमच का बनाया प्रभारी

**भोपाल ईएमएस।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अर्चना जायसवाल को मंदसौर जिले का प्रभारी बनाया है। वहीं, प्रदेश उपाध्यक्ष नूरी खान को नीमच जिले की जिम्मेदारी दी गई है। इन्हें जिलों में सहयोगी संगठनों के बीच समन्वय के साथ मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ द्वारा दिए जाने वाले कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई है।मध्य प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष(समन्वय) चंद्रप्रभाष शेखर ने दोनों प्रदेश उपाध्यक्षों को जिला प्रभारी बनाए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। दोनों से कहा गया है कि वे जिला अध्यक्ष से व्यक्तिगत संपर्क व समन्वय करके काम करें।

# जमीन बेचने के नाम पर वल्लभ भवन के अधिकारी से 1.20 करोड़ रुपये की ठगी

■ भोपाल, यशभारत।





राजधानी के हनुमानगंज इलाके में सात लोगों ने मिलकर वल्लभ भवन के एक अधिकारी से भोपाल-इंदौर हाइवे पर चार एकड़ जमीन बेचने के नाम पर सवा करोड़ रूपये की ठगी कर दी। बाद में जब पीड़ित को जमीन नहीं मिली तो उसने अपनी रकम वापस मांगी। इस पर आरोपितों ने उसे बुलाकर जमकर धमकाया और उससे अड़ीबाजी कर कागज पर राशि वापस मिलने हस्ताक्षर करा लिए। बाद में पीड़ित ने हनुमानगंज थाने में शिकायत की, इस पर पुलिस ने सात लोगों पर एफआइआर दर्ज की है, जिनमें चार कारोबारी और तीन दलाल शामिल हैं।

हनुमानगंज थाना पुलिस के मुताबिक डा रितेश्वर भुमरकर (40) मूलतः चंद्रशेखर वार्ड सदर बैतूल के निवासी हैं। फिलहाल वह सुरभि स्मार्ट सिटी अवधपुरी में रहते हैं। वह वल्लभ भवन में वरिष्ठ पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने शिकायती आवेदन देते हुए बताया था कि कबाड़ कारोबारी मो. इब्राहीम, अनवर, इजराइल और रिश्तेदार इमरान दलाल आबिद, आकाश और शहाबउद्दीन उनसे मिलने आए। आरोपितों ने भोपाल-इंदौर हाइवे थाना खजूरी सड़क क्षेत्र में वर्ष 2021 में साढ़े चार एकड़ जमीन बताई। उसका मालिक इब्राहीम ने स्वयं को बताया था। जमीन को देखने के बाद रितेश्वर ने जमीन का सौदा तय किया। पांच करोड़ में जमीन का सौदा करने के बाद में कबाड़खाने में रितेश्वर ने 1.20 लाख रुपये बतौर एडवांस दिए। छह महीने बाद में आरोपितों ने बताया कि जमीन किसी और को बेच दी है। रकम को जल्द लौटा दिया जाएगा। बाद में आरोपितों न ही जमीन दी और न ही रकम को लौटाया। जब फरियादी ने रकम वापस मांगी तो उसे धमकाया और उस पर रकम वापस मिलने के कागज पर हस्ताक्षर करा लिए।

# भाजपा विधायक ने जताई हत्या की आशंका अरुण यादव बोले- बहन-बेटियों की सुरक्षा का हाल समझा जा सकता है

■ भोपाल, यशभारत।



मध्य प्रदेश के सिरोंज से भाजपा विधायक उमाकांत शर्मा ने अपनी हत्या की आशंका जताने पर कांग्रेस सरकार पर हमलावर हो गई है। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने कहा कि भाजपा विधायक का यह हाल तो बहन-बेटियों की सुरक्षा का हाल समझा जा सकता है। पूर्व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने उमाकांत शर्मा का एक वीडियो शेयर कर लिखा कि मप्र में जब सरकार के विधायक ही अपने आपको सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे तो आमजन, बहन-बेटियों की सुरक्षा के क्या हाल है, यह समझा जा सकता है। यह व्यापमं के माफिया रहे स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के भाई व सिरोंज विधायक उमाकांत शर्मा है। मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री को बस मुंह चलाना आता है। बता दें उमाकांत शर्मा ने सोमवार को सिरोंज में एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी जान को खतरा बताया था। शर्मा ने कहा कि कुछ पुराने भ्रष्ट कर्मचारी-अधिकारी, बिल्डर और राजनीतिक विरोधी मुझे बदनाम कर रहे हें। यह मुझे मारना चाहते हैं, लेकिन मेरी सुरक्षा के लिए पुलिस बिल्कुल भी सावधान नहीं है।

### दस करोड़ रुपये की स्मार्ट पार्किंग में चल रही अवैध दुकानें

# सड़क पर खड़े हो रहे वाहन









■ भोपाल, यशभारत।

पार्किंग व्यवस्था निश्शुल्क होने के बाद से शहर में यातायात व्यवस्था धराशायी होती जा रही है। मुख्य मार्ग और बाजारों में दो और चारपहिया वाहनों की पार्किंग की जा रही है। जबकि, स्मार्ट सिटी द्वारा दस करोड़ रुपये खर्च कर बनाई गई स्मार्ट पार्किंग निगम अधिकारियों की लापरवाही का शिकार हो रही है। यहां गन्ने की चरखी, मैकेनिक व खान-पान की समग्रियों के साथ अन्य दुकानें लगाई जा रही हैं। लेकिन इनके खिलाफ कार्रवाई करने से नगर निगम व ट्रैफिक विभाग के अधिकारी बच रहे हैं।बता दें कि एक मई 2022 से नगर निगम द्वारा मल्टीलेवल और प्रीमियम पार्किंग को छोड़कर अन्य स्थानों को शुल्क मुक्त कर दिया गया था। हालांकि 15 मई से नए वाहन खरीदने वालों से ये शुल्क एकमुश्त वसूला जा रहा था। लेकिन आटो मोबाइल डीलरों के कोर्ट में जाने के बाद नगर निगम के द्वारा वाहनों की खरीदी करते समय एकमुश्त वसूली शुल्क पर रोक लगा दी गई। बीते छह महीने से न तो नगर निगम को राजस्व मिल रहा है और न ही इन पार्किंग स्थलों में वाहन खड़ा करने वालों को सुविधाएं। नतीजतन, लोग सड़कों पर बेतरतीब वाहन खड़ा करते हैं।

### सड़क पर मनमर्जी से खड़े किए जा रहे वाहन

पार्किंग निश्शुल्क होने के बाद से दो पहिया वाहनों की चोरियां भी बढ़ गई हैं। इसका मुख्य कारण इन स्थानों पर सुरक्षाकर्मी और सीसीटीवी नहीं होना है। पार्किंग निश्शुल्क होने से लोग मनमर्जी से वाहन खड़े कर रहे हैं। एक के बाद एक गाड़ियां पार्क होने से जगह नहीं बचती है। लोगों को पार्किंग से वाहन निकालने के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है, तो कुछ लोग सड़क पर ही वाहन पार्क करके जाते हैं।

### स्मार्ट पार्किंग में बिक रहा गन्ने का रस

पार्किंग निश्शुल्क करने से इन स्थलों पर अवैध कब्जे हो गए हैं। एमपी नगर जोन टू स्थित शिवा बार के सामने स्मार्ट पार्किंग में गन्ने की चरखी लगाई जा रही है। वहीं, प्रगति पेट्रोल पंप के पास स्मार्ट पार्किंग में मैकेनिक की दुकानें खुल गई हैं। वहीं हबीबगंज के मानसरोवर स्मार्ट पार्किंग में स्थायी निवास बना लिया गया है। लेकिन नगर निगम का पार्किंग अमला न तो यहां निश्शुल्क पार्किंग के बोर्ड लगा पाया और न ही इन स्थानों को अतिक्रमण मुक्त करा पाया। पार्किंग स्थलों में बेतरतीब गाड़ियों के खड़े होने से लोगों को वाहन खड़े करने की जगह नहीं मिल रही है। हम अपना दो पहिया वाहन कहां खड़ा करें। लोग मनमर्जी से वाहन खड़ा करके चले जाते हैं।

**- रंजन शर्मा, नौकरीपेशा**

# हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास में कराया वर्चुअली गृह प्रवेश

**रीठी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घुंघरा में आयोजित हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम**






**कटनी,यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को रीवा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से कटनी जिले के 7407 प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को वर्चुअली गृह प्रवेश करवाया। इस अवसर पर जिले के रीठी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत घुंघरा में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा के मुख्य आतिथ्य में उत्सवी माहौल में समारोह आयोजित किया गया। जहां बडी संख्या में महिलांये एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, पंचायत प्रतिनिधि,जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। गृह प्रवेश के कार्यक्रम के लिए हितग्राहियों ने जिले भर में अपने घरों में तोरण द्वार, रंगोली, फूल मालाओं से आकर्षकर साज -सज्जा के साथ विधिवत पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच गृह प्रवेश किया। जिले की ग्राम पंचायतों मे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के वर्चुअल संबोधन के सीधे प्रसारण कार्यक्रम को भी ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक देखा और सुना। जिले भर में गृह प्रवेश कार्यक्रम के सुचारू एवं सफ्ल संचालन हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद ने पहले ही नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया था। जो संबंधित ग्राम पंचायतों के सचिव और रोजगार सहायक के सहयोग से हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया। कार्यक्रम के दौरान घुंघरा सरपंच राजीव नायक, अजय पप्पू मिश्रा, सचिव सुरेश बेन, पंच संतोष केवट, दिलीप केवट, पूर्व सरपंच कढोरीलाल , इन्द्र प्रसाद मांझी, बलराम यादव, प्रकाश साहू, सहित जनपद पंचायत सी.ई.ओ ज्ञानेन्द्र मिश्रा, परियोजना अधिकारी अभिषेक भार्गव, कार्यपालन यंत्री आर.ई.एस जी.एस.खटीक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी डॉ अजीत सिंह सहित अन्य जनप्रातिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारी की मौजूदगी रही। विकासखण्ड कटनी के लिए 59 रीठी के लिए 56 बड़वारा के लिए 66 विजयराघवगढ़ के लिए 74 बहोरीबंद के लिए 79 सहित ढ़ीमरखेड़ा के लिए 73 नोड़ल अधिकारियों को नामांकित किया गया।



# 85 उपार्जन केन्द्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त कर सौपें गए दायित्व

**कटनी,यशभारत।** रबी विपणन वर्ष 2023-24 हेतु समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन नीति जारी की गई है। कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गेहूँ उपार्जन हेतु 01 अप्रेल से 15 मई तक तक का समय नियत किया जाकर जिले के निर्धारित 85 उपार्जन केन्द्रों में उपार्जन नीति की कण्डिका 3.7 अनुसार प्रत्येक उपार्जन केन्द्र हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाकर उपार्जन केन्द्र की गतिविधियों के पर्यवेक्षण एवं सुचारू संचालन के दायित्व प्रदान किए गए है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार तहसील कटनी हेतु 5 उपार्जन केन्द्र, तहसील ढ़ीमरखेड़ा हेतु 12 उपार्जन केन्द्र, तहसील बड़वारा हेतु 7 उपार्जन केन्द्र, तहसील बरही हेतु 8 उपार्जन केन्द्र, तहसील रीठी हेतु 6 उपार्जन केन्द्र, तहसील विजयराघवगढ़ हेतु 8 उपार्जन केन्द्र, तहसील स्लीमनाबाद हेतु 6 उपार्जन केन्द्र तथा तहसील बहोरीबंद हेतु 9 उपार्जन केन्द्रों का गोदाम एवं समिति स्तर पर गठन किया जाकर हल्का पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर ने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा जारी आदेशानुसार शार्टिज मात्रा की राशि एवं एफडी.आर जमा कराए जाने के पश्चात 12 सेवा सहकारी समितियों को उपार्जन कार्य सौपा जाकर उक्त उपार्जन केन्द्रो में सहकारी विभाग से भिन्न विभाग के अधिकारीकी डयूटी उपार्जन कार्य के पर्यवेक्षण हेतु लगाई गई है। तहसील कटनी अंतर्गत चार उपार्जन केन्द्रों कन्हवारा, पिलौंजी, सिंधनपुरी तथा हीरापुर कौंडिया, तहसील ढीमरखेडा के खमतरा एवं कटरिया, तहसील बड़वारा के नन्हवारा सेझा तहसील रीठी के बकलेहटा, बड़गांव, तहसील विगढ़ बंजारी, स्लीमनाबाद एवं पडरभटा, तहसील बहोरीबंद के केवलारी कूडन, कूडन, बाकल, खमतरा बाकल, सिहुडी में पर्यवेक्ष अधिकारी एवं नोड़ल अधिकारी नियुक्त किये जाकर समिति द्वारा पुनः उपार्जन में अनियमितता अथवा कमी करने पर उक्त अधिकारी से कमी की राशि की वसूली किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।




# जिला जेल में हुआ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**कटनी,यशभारत।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी धरमिन्दर सिंह राठौड के मार्गदर्शन में एवं जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी, निलेश कुमार जिरेती के निर्देशानुसार विशेष नशा मुक्ति सप्ताह 18 से 24 अप्रैल तक जिला जेल कटनी में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान निलेश कुमार जिरेती सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कटनी ने बताया कि, नशा युवा पीढ़ी को खोखला करता जा रहा है, वर्तमान समय में नशा से होने वाली हानि के बारे में हर कोई जानता है, इससे होने वाले दुष्प्रभावों से बचने के लिए आवश्यक है कि, योगा, मेडीटेशन का सहारा लेकर इसे पूर्ण रूपेण छोड़ा जावे क्योंकि नशा न केवल स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि इससे परिवार और समाज भी प्रभावित होता है। इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्री प्रभात चतुर्वेदी के द्वारा बताया गया कि, जेल में प्रत्येक बंदी नशे के विरूद्ध एक सिपाही के तौर पर कार्य करता है, जिससे जेल में बंदियों के द्वारा नशा नहीं किया जाता है।

**शासन की कल्याणकारी योजना से वंचित न रहे कोई पात्र बहना- महापौर**

# लाडली बहना योजना का लाभ दिलाने घर-घर पहुंच रहा निगम अमला





**कटनी,यशभारत।** कटनी मध्यप्रदेश शासन के मुखिया शिवराज सिंह चौहान द्वारा महिलाओं के उत्थान एवं उनके आत्मनिर्भर बनाने के मुख्य उद्देश्य संचालित की जा रही लाडली बहना योजना का नगर पालिक निगम द्वारा धरातल पर कुशल क्रियान्वयन किया जा रहा है।नगरीय सीमा के अंतर्गत संचालित हो रहे मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के शिविरों के माध्यम से हर पात्र महिला हितग्राही को निगम का अमला योजना का लाभ दिलाने के लिए घर-घर में पहुंचकर आवेदन पत्र भरने के साथ ही ईकेवाईसी का निशुल्क कार्य कर रहे हैं। महापौर का कहना है कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के स्वाभिमान एवं उनके सम्मान को लेकर प्रारंभ की गई लाडली बहना योजना का लाभ नगर की हर पात्र बहना को मिले कोई भी पात्र हितग्राही बहना छूटने ना पाए इसके लिए नगर निगम द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा योजना की जानकारी शहर के हर गली मोहल्ले व वार्ड में पहुंचे इसके लिए नगर निगम ने प्रचार रथ के माध्यम से जन जागरूकता लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। नगर पालिक निगम आयुक्त सत्येंद्र सिंह धाकरे द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का निगम सीमा के अंतर्गत धरातल पर कुशल संचालन हो एवं महिला हितग्राहियों को किसी प्रकार की तकनीकी व अन्य समस्याओं का सामना न करना पड़े इसके लिए उपायुक्त वित्त पीके अहिरवार को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि योजना का सफ्लतापूर्वक क्रियान्वयन करने के लिए संबंधित कर्मचारियों द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को लेकर नगर में घर.घर दस्तक देकर अधिक से अधिक अधिक से अधिक महिलाओं के आवेदन पत्र भरने का कार्य किया जा रहा है।




# लाइम सिटी स्कूल में हुआ बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण

**कटनी,यशभारत।** बारडोली जनकल्याण समिति द्वारा संचालित लाइम सिटी इंटरनेषनल स्कूल, झिंझरी में सभी बच्चों का स्वास्थय परीक्षण हुआ । महालक्ष्मी हॉस्पिटल के डॉ. वीरेन्द्र खम्परिया एवं डॉ. विनय मिश्रा द्वारा स्कूल के सभी छात्रों और षिक्षकों का स्वास्थय परीक्षण किया । डॉक्टरों ने छात्रों का स्वस्थ रहने हेतु विभिन्न प्रकार की सलाह दी गई साथ ही साथ छात्रों को हेल्दी खाने और सफाई से रहने के निर्देष भी दिये । स्कूल प्राचार्य डॉ. नैनसी डायर ने स्कूल का मोमेंटो भेट करके डॉक्टर टीम का आभार व्यक्त किया । प्राचार्य ने कहा स्कूल द्वारा समय-समय पर छात्रों का स्वास्थय परीक्षण कराया जाता है । स्कूल में पढ़ रहे छात्रों के अभिभावको ने भी स्वास्थय परीक्षण कार्यक्रम की सराहना की और स्कूल प्रबंधन को धन्यवाद व्यक्त किया । स्वास्थय परीक्षण कार्यक्रम हेतु विद्यालय संरक्षक श्री सुनील उपाध्याय एवं अध्यक्ष विनोद विलौहा ने बधाई प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान राकेष गुप्ता, आर्कषित मांझी नषरीन खान, पूजा चक्रवती, निषा मटानी, साक्षी दुवे, साक्षी होतवानी रोषनी तिवारी, प्रियंका मिश्रा, अंषिका श्रीवास्तव, श्रद्धा, सुरक्षा, रितु हल्दकार, श्वेता चौरसिया, नीलम दुबे शबनम खान, लखन साकेत इत्यादि समस्त स्टॉफद्वारा उपस्थित रहे ।

# लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ एवं नव उद्यमियों का हुआ सम्मान



**कटनी,यशभारत।** लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस के तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस वरिष्ठ उद्यमी सम्मान एवं नव उद्यमी सम्मान के रूप में मनाया गया, जिसमें वरिष्ठ उद्यमियों में लोकचंद उधवानी, रतन अग्रवाल ठाकुर दास रंगलानी एवं नव उद्यमी में ऋषभ मित्तल लाइट एज हिमांशु असरानी एवं गुलशन सुंदरानीका सम्मान लघु उद्योग भारती के द्वारा किया गया। जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक अजय श्रीवास्तव जिनका सेवानिवृत्ति इसी माह है उनका सेवानिवृत्ति सम्मान एवं उद्योग जगत के लिए उनकी सेवाओं के लिए आभार कटनी इकाई के द्वारा किया गया। कटनी शहर के वरिष्ठ सीए संदीप पटोरिया के द्वारा बजट उपरांत जीएसटी एमएसएमई नियम एवं इनकम टैक्स में आए बदलाव के बारे में एक कार्यशाला का संबोधन किया गया तथा लघु उद्योग भारती परिवार ने कलेक्टर अवी प्रसाद से प्रोत्साहित होकर अटल बाल मित्र योजना के लिए 111111/- रुपए की राशि सेवा कार्य के रूप में कुपोषित बच्चों को कुपोषण से दूर करने हेतु कलेक्टर अवी प्रसाद की उपस्थिति में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह को अटल बाल मित्र योजना के अंतर्गत दान में दी। जिला संघचालक अमित साहू के द्वारा सरकार से अपील की गई कि वह उद्यमियों को भी उनके जीएसटी टैक्स एवं इनकम टैक्स के आधार पर सम्मानित करने की कोई योजना बनाएं लघु उद्योग भारती इकाई कटनी के अध्यक्ष हरि सिंह भदौरिया ने लघु उद्योग भारती के इतिहास को बताते हुए 29 वे स्थापना दिवस की सभी को बधाई दी। इकाई उपाध्यक्ष मुरलीधर रतनानी, के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम के प्रभारी मनीष सिंह, नीलेश विश्वकर्मा, समीर सेठिया, पंकज गुप्ता के साथ इकाई सचिव अमित सिंघई, प्रभांशु वैश्य, राम अग्रवाल, अंकित गोयल, ईशान, रामहित सोनी, रॉकी राजपलानी, विजय नवानी, सुरेश रतनानी, नितेश चेलानी, गुलशन रोहरा, नितिन जैन अशोक जैन, निति ठाकुर, विनोद संगतानी, रमेश गुप्ता आदि 200 से ज्यादा उद्यमियों की गरिमा में उपस्थिति रही।

# प्री-सिटिंग बैठक का हुआ आयोजन

**कटनी,यशभारत।** माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म. प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार एवं धर्मेन्दर सिंह राठौड प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मागदर्शन में आगामी 13 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में तहसील अधिवक्ता कक्ष विगढ में इरशाद अहमद जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रृंखला न्यायालय विगढ, की अध्यक्षता में एवं श्रीमती संजू तिवारी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, विगढ़ एवं अुनपम तिवारी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विगढ़ की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया गया। तहसील अधिवक्ता संघ विगढ़ से अध्यक्ष एस0डी0 उरमलिया, नूर मोहम्मद सिद्दीकी सहित कार्यकारणी के अन्य सदस्यगण की सहभागिता में न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों को आगामी 13 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से पक्षकारों के मध्य आपसी सुलह समझौते के आधार होंगे।

**5 साल बाद संबल योजना की सहायता राशि मिलने से छलक उठी पथराई आंखें**

# कल्याणी श्यामबाई का संबल बने कलेक्टर



कलेक्टर की संवेदनशीलता और तत्परता ने फिर जगाया प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर भरोसा

**कटनी,यशभारत।** पति की असमय मृत्यु आर्थिक तंगी और 5 साल से सहायता राशि के इंतजार में पथरा चुकी श्यामबाई की आंखें आज उस समय नम हो गई जब कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद की संवेदनशीलता और तत्परता की वजह से उसे मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना की सहायता राशि स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ। कलेक्टर ने उसे भरोसा दिलाया कि सहायता राशि स्वीकृत होने के बाद अब जल्द ही 4 लाख की सहायता राशि उसके खाते में पहुंच जाएगी। कलेक्टर की इस संवेदनशील पहल से श्यामबाई का भरोसा एक बार फ्रि प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर मजबूत हुआ। जनपद पंचायत कटनी के ग्राम पड़रिया में रहने वाली श्यामबाई चौधरी के पति धनपत चौधरी को काल ने 17 अप्रैल 2018 को एक सड़क हादसे में छीन लिया। घर के कमाने वाले मुखिया के असमय चले जाने का दुख उस समय और गहरा गया जब उसे किसी प्रकार की कोई आर्थिक सहायता नहीं मिली और उसकी आर्थिक हालत जर्जर हो उठी। उल्लेखनीय है कि श्यामबाई का पति धनपत चौधरी प्रदेश शासन की संबल योजना अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक था। लेकिन उसकी मृत्यु के बाद उसे अनुग्रह सहायता का लाभ नहीं मिला। कलेक्टर द्वारा श्यामबाई के प्रकरण में उसे संबल योजना का लाभ दिलाने उससे अपीलीय आवेदन प्राप्त कर समय अवधि में पात्रता की जांच करा कर अनुग्रह सहायता राशि 4 लाख रूपए स्वीकृत करने अनुमति मांगी गई। अनुमति मिलने पर सोमवार को श्यामबाई को उक्त सहायता राशि का स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर अवि प्रसाद ने कहा कि श्यामबाई जैसे अन्य प्रकरणों को भी संज्ञान में लिया जा रहा हैए उनका पूरा प्रयास है कि कोई भी पात्र हितग्राही शासन की योजनाओं से मिलने वाले लाभ से वंचित न रह जाए।

# शासकीय भवन में स्थानांतरित होगा उप लोकसेवा केन्द्र बाकल

**जन सुविधा के मद्देनजर कलेक्टर ने दिए निर्देश, ग्राम सरपंच- सचिव ने की थी मांग**

**कटनी,यशभारत।** ग्रामीणों को हो रही असुविधा के मद्देनजर कलेक्टर कटनी अवि प्रसाद द्वारा उप लोक सेवा केंद्र बाकल का स्थान परिवर्तित करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बहोरीबंद और नायब तहसीलदार बाकल को आदेशित किया गया है। साथ ही तीन दिवस के भीतर नवीन स्थल पर उप लोक सेवा केन्द्र स्थापित करने निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में उप लोक सेवा केन्द्र बाकल स्थानीय हाट बाजार में संचालित किया जा रहा है, जो कि बस्ती से करीब एक किलोमीटर दूर है। जिससे ग्रामीणों को यहां आने जाने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्राम पंचायत बाकल द्वारा उक्त उप लोक सेवा केन्द्र बस स्टैंड क्षेत्र में बने शासकीय भवन में खोले जाने प्रस्ताव पारित किया था। ग्राम पंचायत बाकल सरपंच और सचिव द्वारा उक्त प्रस्ताव और उप लोक सेवा केन्द्र स्थानांतरित किए जाने की मांग संबंधी पत्र गत दिवस कलेक्टर श्री प्रसाद को सौंपा था। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा ग्रामीणों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम बहोरीबंद और नायब तहसीलदार बाकल को उप लोक सेवा केन्द्र ग्राम पंचायत द्वारा पारित स्थल पर तीन दिवस के भीतर स्थानांतरित किए जाने निर्देशित किया है।

# सीईओ ने विकास कार्यों का लिया जायजा

**गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु दिए आवश्यक निर्देश**



**कटनी,यशभारत।** आवश्यकता के अनुसार सुधार करते हुए तकनीकी मानकों का पालन कर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराएं। इस आशय के निर्देश सोमवार को रीठी विकासखंड की ग्राम पंचायत घुड़हर में मनरेगा योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन अमृत सरोवर एवं सुदूर सड़क निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि निर्माण एवं विकास कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निर्माणाधीन अपूर्ण कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण कराएं। निरीक्षण के दौरान सीईओ श्री गेमावत ने ग्राम पंचायत में क्रियान्वित अन्य योजनाओं और गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान लाडली बहना योजना के पात्र महिला हितग्राहियों के शत प्रतिशत आवेदन पत्र ऑनलाइन अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस बात का ध्यान रखें कोई भी पात्र लाडली बहना लाभ से वंचित ना रहे। इस दौरान जनपद पंचायत के सीईओ ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा मनरेगा प्रभारी आशुतोष खरे स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक कमलेश सैनीए एपीओ अजीत सिंह और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

Tuesday Offer
@99/- Available On
All Seats Except Recliners

CINEWORLDZ CINEMA KATNI by CMW
Mittal MALL
Paytm
book my show

From 28st April 2023

Cineworldz Cinema Katni by CMW
Schedule for the week 28 April to 04 May, 2023

| Audi-01 | Show | Rate |
|---|---|---|
| Bad Boy 2D Hindi | 11.00.00 AM | 120-120-120-300 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 4.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 7.15.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 10.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Audi-02 | Show | |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 1.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 4.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 7.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 10.00.00 PM | 140-170-220-350 |
| Audi-03 | Show | |
| Ponniyin Selvan-Part 2 | 10.30.00 AM | 120-120-120 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 1.30.00 PM | 120-140-140 |
| Bad Boy 2D Hindi | 4.30.00 PM | 120-140-140 |
| Kisi Ka Bhai Kisi Ki Jaan | 6.45.00 PM | 120-140-140 |
| Bad Boy 2D Hindi | 9.45.00 PM | 120-140-140 |

TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor, Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P.
Contact No. 9993123830

# WTC FINAL के लिए भारतीय टीम घोषित अजिंक्य रहाणे की वापसी, सूर्यकुमार यादव बाहर




**नई दिल्ली,एजेंसी।** बीसीसीआई ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम घोषित कर दी है. आईपीएल 2023 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अजिंक्य रहाणे टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं. वहीं सूर्यकुमार यादव को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है. फाइनल मुकाबला 7 जून से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जाना है. बतौर विकेटकीपर केएस भरत को टीम में जगह मिली है. तेज गेंदबाज के ऑलराउंडर के तौर पर शार्दुल ठाकुर चुने गए हैं. पिछले दिनों ऑस्ट्रेलियाई सीरीज में सूर्या का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा था. अजिंक्य रहाणे की बात करें तो वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे थे. लेकिन आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स की ओर से उन्होंने अब तक ताबड़तोड़ प्रदर्शन किया है. अजिंक्य रहाणे की बात करें तो उन्होंने अब तक आईपीएल के 16वें सीजप में कुल 105 गेंद का सामना किया है और 29 बाउंड्री लगाई है. इसमें 18 चौके और 11 छक्के शामिल हैं. उन्हें 15 महीने बाद भारतीय टेस्ट टीम में जगह मिली है. वे 82 टेस्ट की 140 पारियों में 39 की औसत से 4931 रन बना चुके हैं. 12 शतक और 25 अर्धशतक लगाया है।

## 4 तेज गेंदबाज टीम में

फाइनल के लिए चुनी गई टीम में शार्दुल ठाकुर के अलावा बतौर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और जयदेव उनादकट को टीम में जगह मिली है. स्पिन ऑलराउंडर के तौर पर अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और अश्विन टीम में जगह बनाने में कामयाब हुए हैं. पिछली सीरीज में बतौर विकेटकीपर ईशान किशन भी टीम में थे. लेकिन इस बार सिर्फ केएस भरत को शामिल किया गया है. ऐसे में केएल राहुल भी विकेटकीपिंग के विकल्प हो सकते हैं।

## फाइनल के लिए टीम इस प्रकार है

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, केएल राहुल, केस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

# आईपीएल में खूंखार बैटर को चुप करा देता यह बॉलर, एक-दो नहीं 14 बार किया था बड़ा कारनामा, दूसरे नंबर पर हैं भुवी



**नई दिल्ली, ईएमएस।** पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के आखिरी ओवर में जब अपनी कहर बरपाती गेंदों से दो बार विकेट तोड़ डाले तो सबसे ज्यादा चर्चा स्टंप्स की कीमत को लेकर हुई. लाखों के स्टंप्स को लेकर लोग जहां-तहां बात करते नजर आए. हालांकि, हम जिक्र कर रहे हैं गेंदबाजों के ऐसे कारनामे की जो आईपीएल में कम ही देखने को मिलता है. जी, मेडन ओवर का. ना भरोसा हो तो बीते रविवार को हुए दोनों मुकाबलों को ही देख लें. एक भी मेडन ओवर इन 80 ओवर में नहीं डाला जा सका, लेकिन एक गेंदबाज ऐसा है जिसने यह कारनामा अपने आईपीएल करियर में एक-दो बार नहीं बल्कि 14 बार किया. बेहतरीन स्विंग गेंदबाज प्रवीन कुमार जो अब आईपीएल का हिस्सा नहीं हैं, उन्होंने बल्लेबाजों के धूमधड़ाके वाली लीग में 14 बार मेडन ओवर डाले. दूसरे नंबर पर हैं सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार. प्रवीन की तरह उत्तर प्रदेश से ताल्लुक रखने वाले भुवी ने आईपीएल में 12 मेडन ओवर डाले हैं. उन्हें प्रवीन को पछाड़ने के लिए 3 मेडन ओवर और फेंकने होंगे. जिस लीग में बल्लेबाज बैट भांजकर केवल रन बनाने की ख्वाहिश रखता हो वहां यह काम आसान नहीं है.

### बोल्ट भी दे सकते हैं झटका

आईपीएल के मौजूदा सीजन में सबसे ज्यादा यानी, तीन मेडन ओवर डालने वाले डालने वाले राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. बोल्ट ने लीग में अपने 84 मैचों के करियर में अब तक 11 मेडन ओवर डाले हैं. हाल ही में विराट कोहली को पहली ही गेंद पर चलता करके विकेटों का सैकड़ा पूरा करने वाले बोल्ट शानदार फॉर्म में हैं. राजस्थान को उनसे इस तरह के और स्पेल्स की ख्वाहिश होगी. अगर बोल्ट ऐसा कर सके तो उनके पास भी प्रवीन कुमार का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा।



# राज्य स्तरीय प्रीमियर लीग क्रिकेट अगले महीने

**जबलपुर, यशभारत।** जिला अधिवक्ता संघ जबलपुर के तत्वावधान में रानीताल मैदान पर आयोजित 13 वी एडवोकेट प्रीमियर लीग टी -20 क्रिकेट टूर्नामेंट में एडवोकेट टीम ब्लू ने टीम गोल्ड को एक रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया एडवोकेट टीम ब्लू को शानदार जीत के लिए बधाई देते हुए मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के वाइस चेयरमैन आर के सिंह सैनी द्वारा परिषद के सभागार में टीम के सभी खिलाड़ियों का स्वागत समारोह आयोजित करसभी टीम के खिलाड़ियो कप्तान जे विकास नाथन उपकप्तान मोहम्मद सईद सिद्दीकी वरिष्ठ खिलाड़ी सत्य प्रकाश रजक मनोज तिवारी टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शरनजीत सिंह, फरान अहमद सिद्दीकी ,मोहम्मद आमिर ,फाल्गुन यादव ,प्रभात सिंह नितिन पटेल ,विकास कोष्टा शुभाषु खरे, तरुण झारिया ,सुरेश सिगरौल, सजल जैन, राहुल श्रीपाल सहित सभी को पुष्पमाला से स्वागत किया गया और आने वाले दिसम्बर माह राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट जबलपुर में आयोजित कराने का आश्वासन दिया गया जिसकी तैयारी शुरू कर दिया गया है और अनुमान है कि राज्य की लगभग 24 से 26 जिले इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी ।

# IPL में स्पिनर की हुई जबरदस्त रैगिंग, रातभर कमरे में रहा था बंद, अब घूमती गेंदों से मचा दिया कोहराम



**नई दिल्ली,ईएमएस।** मुंबई इंडियंस के साथ इस खिलाड़ी ने आईपीएल करियर की शुरुआत की. तब मुंबई की टीम में एक से एक नामचीन खिलाड़ी थे. टीम के सबसे जूनियर खिलाड़ियों में यह स्पिनर शुमार किया जाता था और इसका सारा वक्त बेंच पर बड़े खिलाड़ियों को देखने में ही बीत रहा था. मुंबई की टीम में स्टार प्लेयर्स के दबदबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दो सीजन तो इस युवा खिलाड़ी को एक भी मैच खेलने को नहीं मिला था.2013 में आईपीएल डेब्यू के पहले तक तो युजवेंद्र चहल की काबलियत से उनके फैंस बिल्कुल ही नावकिफ थे. रैगिंग की यह घटना साल 2011 की है, जब उनका पहली बार मुंबई इंडियंस के साथ कॉन्ट्रैक्ट हुआ. अपनी खुशमिजाजी के लिए चर्चित युजवेंद्र चहल की रैगिंग लेने के लिए टीम के ही दो खिलाड़ी मौका तलाश रहे थे. एक रोज टीम के सीनियर खिलाड़ी जेम्स फ्रेंकलिन और एंड्रयू साइमंड्स को मौका मिला तो उन्होंने चहल के हाथ-पैर बांधे, मुंह पर टेप चिपकाया और एक कमरे के कोने में डालकर कमरा बाहर से बंद कर दिया. दोनों इस कदर मदहोशी में थे कि उन्हें याद भी नहीं रहा कि वे युजवेंद्र को होटल के कमरे में बंद करके आए हैं. चहल रातभर कमरे में बंद रहे और अगले दिन जब सफाई के लिए जब कमरा खोला गया तब ही उन्हें आजादी मिल सकी. हालांकि, तब युजवेंद्र ने इस बात की शिकायत किसी से की नहीं और एंड्रयू साइमंड्स और जेम्स फ्रेंकलिन पर कोई कार्रवाई भी नहीं हुई.

### दो बार बने शिकार

युजवेंद्र चहल के साथ ऐसा ही वाकिया 2013 में भी हुआ था. मदहोशी में मुंबई इंडियंस के एक साथी खिलाड़ी ने चहल के मजाक से खीझकर उन्हें होटल की 15वीं मंजिल से नीचे लटका दिया था. दुबले-पतले युजवेंद्र किसी तरह उस खिलाड़ी की गर्दन पकड़कर लटके रहे और मदद के लिए आवाज देते रहे. बाद में जब टीम के और खिलाड़ी आए तब जाकर उन्हें बचाया जा सका.

### राजस्थान के लीडिंग विकेट टेकर

आईपीएल 2023 में युजवेंद्र चहल अब तक 7 मैचों में 12 विकेट चटका चुके हैं. वह राजस्थान रॉयल्स के लीडिंग विकेट टेकर गेंदबाज हैं. चहल टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और राशिद खान के बाद चौथे नंबर पर हैं. युजवेंद्र चहल आईपीएल में अब तक 138 मैच खेलकर 178 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।



# जूडो खेल का नोडल सेंटर उद्घाटित

**जबलपुर ,यशभारत।** मध्य प्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा में संचालित जूडो खेल के नोडल सेंटर का विधिवत उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद राहुल साहू मुख्य अतिथि व जिला क्रीडा कल्याण निरीक्षक चंदा सोनी की अध्यक्षता में तथा विद्यालय प्राचार्य एस. एन. श्रीवास्तव,एस. के. सोनी, सर्वेश पांडे जिला जूडो एसोसिएशन के सचिव जूडो कोच आबिद हुसैन खान के विशिष्ट अतिथि में संपन्न हुआ। मंचासीन अतिथियों का स्वागत आयोजन समिति की ओर से किया गया। उक्त जानकारी देते हुए शासकीय रानी दुर्गावती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गढ़ा की क्रीड़ा प्रभारी श्रीमती रानी बेलवंशी ने बताया कि इस नोडल जूडो सेंटर में जिले के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय की छात्राएं भी निशुल्क जूडो का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं इस सेंटर का समय प्रातः 7.00 से 9.00 तक रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती मधुमिता हाजरा, मनीष कुमार दुबे,केके माहेश्वरी,संतोष शर्मा, नौशीन अंजुम,स्वीटी रजक, मनीष श्रीवास्तव आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## रंग संसार

# एक्शन से भरपूर खेसारी लाल यादव की संघर्ष 2 का ट्रेलर रिलीज, एक्टर की बेटी के डायलॉग की हो रही चर्चा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेसारी लाल यादव इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म संघर्ष 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। खेसारी के फैंस इस फिल्म के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में अब इस फैंस का इंतजार थोड़ा सा कम हुआ है। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स ने खेसारी की मोस्ट अवेटेड भोजपुरी फिल्म संघर्ष 2 का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में खेसारी अपने एक्शन का जलवा दिखाते हुए नजर आ रहे है। वहीं, उनके देशभक्ति से भरपूर डायलॉग दर्शकों का काफी इंप्रेस कर रहे हैं।

### कुछ ऐसा है फिल्म का ट्रेलर

खेसारी लाल यादव की संघर्ष 2 के ट्रेलर की बात करे तो इसमें फिल्म के छोटे से छोटे और बड़े से बड़े कैरेक्टर को दिखाया गया। वही ट्रेलर की शुरुआत ही एक दम जबर्दस्त है, जिसमें बैकग्राउंड में सारे जहां से अछा हिंदुस्तान हमारा देशभक्ति गाना बज रहा है। इसी गाने के बीच मे खेसारी मशीन गन लिए हुए देश के दुश्मनों पर गोलियां बरसते हुए नजर आ रहे हैं। वहीं, इसके बाद माही रिस्की है गाना गाते हुए नजर आती हैं, तो खलनायक संजय पांडे और सुशील सिंह अपने अंदाज में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में एंट्री होते ही, खेसारी की पत्नी मेघाश्री ने एक्सप्रेसशन और इमोशन से सभी को हैरान कर दिया। संघर्ष 2 के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव की रियल लाइफ बेटी कृति यादव भी नजर आ रही हैं, जो कहती हैं कि 'भारत कोई जमीन का टुकड़ा नहीं जीता जागता राष्ट्र पुरुष है। इसमें खलनायक विनीत विशाल की आवाज एक ही डायलॉग है, लेकिन वो एक लाइन ही इतनी शानदार है कि ट्रेलर जान डाल रही है। ट्रेलर के बीच-बीच मे एक वीडियो गेम खेलते हुए बच्चे व बड़े दिखाई दे रहे हैं अब इसका फिल्म में क्या कनेक्शन है ये तो पूरी फिल्म देखने पर ही पता चलेगा। ओवरऑल ट्रेलर की बात करे तो इसमें निर्माता रत्नाकर कुमार ने फिल्म की एक झलक दिखा दी है कि ये फिल्म किन-किन मुद्दों पर आधारित है। ये अब तक आई भोजपुरी फिल्मों से काफी अगल नजर आ रही है। ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर देखा जा सकता है। वही इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है।

# सुपरस्टार्स को नचाने वाली फराह खान ने इस डांस वीडियो से मचाया था धमाल, खूब बटोरी थी सुर्खियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बड़े से बड़े सितारों के लिए डांस स्टेप्स कोरियोग्राफ करने वालीं फराह खान को आज भला कौन नहीं जानता। 25 वर्ष से अधिक समय से फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव फराह खान ने कई फिल्मों के लिए ऐसे डांस स्टेप कोरियोग्राफ किए, जो आगे चलकर आइकॉनिक हुक स्टेप बन गए। मगर क्या आप जानते हैं कि फिल्मी सितारों को अपने इशारे पर नचाने वाली फराह खान ने खुद कभी जावेद जैफरी के साथ धमाकेदार रोबोटिक डांस किया था।

### फिल्म में भी डांस कर चुकी हैं फराह

फराह खान आज अपनी मेहनत के बल पर पसंदीदा कोरियोग्राफर ही नहीं, बल्कि सक्सेसफुल डायरेक्टर भी बन गई हैं। उनके साथ काम करना लगभग हर कलाकार का सपना होता है। फराह खान ने फिल्म जो जीता वही सिकंदर से बतौर कोरियोग्राफर करियर की शुरुआत की थी। लेकिन कम ही लोगों को इस बात की जानकारी होगी कि कोरियोग्राफर बनने से पहले फराह खान खुद फिल्म में डांस कर चुकी हैं।

### 36 साल पहले फराह खान ने किया था ऐसा डांस

1987 में शर्मिला टैगोर की मूवी रिलीज हुई थी, जिसका नाम था सात साल बाद। फिल्म के एक सीन में फराह खान ने जावेद जैफरी के साथ डांस परफॉर्मेंस दी थी, जिसके लिए उन्हें 3000 रुपये का पेमेंट किया गया था। फराह तब खुद कोरियोग्राफर जरूर बनना चाहती थीं, लेकिन इस गाने के लिए उन्होंने खुद के लिए डांस स्टेप्स कोरियोग्राफ नहीं किए थे। इस पूरे गाने को जावेद जैफरी ने ही कोरियोग्राफ किया था। जिस गाने पर इन्होंने परफॉर्मेंस दी थी, उसका नाम लवर ब्वॉय है।

### गाने में दिखाया गया था याराना का सीन

फराह और जावेद पर फिल्माए गए इस गाने में उनकी परफॉर्मेंस जितनी रियल है, क्राउड सीन उतना ही फेक। दरअसल, फिल्म में जो जनता की भीड़ दिखाई गई है, वह याराना मूवी के सारा जमाना गाने से ली गई थी।

# बेटी पलक तिवारी की एक्टिंग देख खुश हुई श्वेता तिवारी, बोली- मुझे उस पर प्राउड है



नई दिल्ली, जेएनएन। टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी ने भी मां की तरह फिल्म इंडस्ट्री में अपना कदम रखा लिया है। पलक ने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से डेब्यू किया है। यह फिल्म 21 अप्रैल को रिलीज हुई। वहीं अब श्वेता ने बेटी की परफॉर्मेंस की तारीफ की है। श्वेता तिवारी ने ई-टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में पलक तिवारी की परफॉर्मेंस की तारीफ की है। उन्होंने कहा, ÷मैं उम्मीद करती हूं कि सभी मेरी बेटी को उसके फ्यूचर के लिए शुभकामनाएं देंगे। मैंने बीते दिन उसकी फिल्म थिएटर में देखी थी और मुझे उम्मीद है कि आप भी देखेंगे। मैं उस पर हमेशा गर्व महसूस करती हूं, चाहे वह मूवी करे या कुछ और वह एक प्यारी बच्ची है। जब भी मैं उसे बात करते हुए या बिहेवियर या फिर घर पर रहने के तरीके को देखती हूं, मुझे उस पर प्राउड फील होता है। वहीं पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा पलक तिवारी ने कहा, मैं न तो स्टार किड हूं और न आम इंसान। मुझे बस इतना फायदा मिला है कि लोग मुझे आसानी से पहचान लेते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि इसकी (मां के अभिनेत्री होने की) वजह से मुझे काफी काम मिलने लगा हो। हालांकि मैं फिर भी खुद को खुशकिस्मत समझती हूं। यह मेरे लिए नया है...लोग मुझे इससे पहले भी पहचानते थे, लेकिन मेरी मां की वजह से। बता दें, साल 2020 में खबर सामने आई थी कि पलक तिवारी अरबाज खान की फिल्म 'रोजीः द सैफ्रॉन चैप्टर से डेब्यू करने वाली है, लेकिन उस फिल्म पर काम शुरू नहीं हो पाया। पलक ने कहा, जो होता है अछे के लिए होता है रोजी पर बात नहीं बन पाई, लेकिन उसके बाद मुझे बहुत बड़े कलाकार (सलमान) के साथ काम करने का मौका मिला।

# काम न मिलने की वजह से टूटकर बिखर गई थीं सोनाली नागरानी, इंडस्ट्री को छोड़ने का बना चुकी थीं मन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आपको सोनाली नागरानी तो याद ही होंगी। जो बिग बॉस सीजन 5 में नजर आई थीं और इनका पूजा मिश्रा के साथ भयंकर झगड़ा हुआ था। उसकी क्लिप आज भी वायरल होती है। वही सोनाली नागरानी एक बार फिर चर्चा में हैं। अपनी फ्रोफेशनल लाइफ की वजह से नहीं बल्कि अपनी शादीशुदा जिंदगी की वजह से। एक्ट्रेस के लिए पिछले कुछ साल मुश्किलभरे रहे हैं। उन्होंने फोटोग्राफर और सिनेमैटोग्राफर शिराज भट्टाचार्य से शादी की थी। मगर बाद में उनका 6 साल बाद तलाक हो गया था। इसी पर उन्होंने एक इंटरव्यू दिया है और अपना हाल-ए-दर्द बयां किया है। दरअसल, सोनाली नागरानी ने फरवरी, 2013 में शादी की थी लेकिन छह साल बाद 2019 में आपसी मतभेद के कारण वह अलग हो गई। उन्होंने बताया कि फरवरी, 2019 में दोनों ने रास्ते अलग कर लिए और अब उनके तलाक की प्रक्रिया चल रही है। एक्ट्रेस ने ईटाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया, मैं इमोशनली बुरी तरह से टूट गई थी और मेरे पास बिल्कुल भी काम, फैमिली या खुद पर इन्वेस्ट करने की एनर्जी नहीं बची थी। सोनाली ने कहा, मुझे खुद से नफरत हो गई थी। मेरा सेल्फ कॉन्फिडेंस गिर गया था। मुझे पता ही नहीं चला कि मैंने पुरानी सोनाली को कब अलविदा कह दिया। जिसे सिर्फ हंसना और मुस्कुराना पसंद था। लेकिन बाद में मुझे एहसास हुआ कि मैं या तो सिर्फ विक्टिम बनकर जी सकती हूं या फिर आने वाले मौकों को खुलकर जी सकती हूं। फिर मैंने खुद के घाव को भरने का सोचा और अपनी स्थिति को बदलने का सोचा। मैंने फिर कुछ नया करने के लिए खुद को तैयार किया।

## सोनीली छोड़ना चाहती थीं इंडस्ट्री

सोनाली नागरानी ने इंडियन क्रिकेट लीग जैसे तमाम शोज को होस्ट किए। उन्होंने कहा, शादी करने के बाद मैंने पांच साल बिल्कुल काम नहीं किया। ऐसे में मुझे दोबारा करियर शुरु करने में बेहद दिक्कत आ रही थी। बाकियों की तरह मैंने भी सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बिताना शुरू किया। लेकिन सच तो ये है कि मेरे पास काम ही नहीं था। एक मोड़ पर मैं बिखर गई थी। फिर मैंने मुंबई और शोबिज को छोड़कर गोवा जाने का विचार किया।

## सोनाली को मिला तगड़ा रोल

सोनाली ने आगे कहा, लेकिन किस्मत कहीं और ही ले जाना चाहती थी। उसके कुछ और ही प्लान्स थे। जब मैं सब छोड़कर जाना चाहती थी, उसी समय एक कास्टिंग कंपनी से कॉल आया और वेब शो तांडव में एक रोल ऑफर हुआ। मुझे ये किसी चमत्कार से कम नहीं लगा। मुझे रोल के लिए ऑडिशन भी नहीं देना पड़ा। इस रोल ने मुझे इस इंडस्ट्री को छोड़ने से बचा लिया था।

# भाजपा का ट्रिपल-एस पर जोर

## लाडली बहना, नियुक्तियों और संगठन की ताकत को लेकर खास प्लान, कमजोरी दूर करने के लिए संघ हुआ एक्टिव

**कटनी,यशभारत। इस साल के अंत मे होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का ट्रिपल - एस पूरी तरह से इलेक्शन मूड में आ गया है। भाजपा की तीनो बड़ी शक्तियों सरकार, संगठन और संघ ने अपनी-अपनी जिम्मेदारिया संभाल ली है। सरकार जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने में जुटी है तो संगठन राजनीतिक नियुक्तियों में व्यस्त है। हमेशा चुनाव में परदे के पीछे रहकर भाजपा को ताकत देने वाले सबसे मजबूत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी चुनाव पर खास नजर रखना शुरु कर दी है। संघ प्रमुख भी प्रदेश में सक्रिय हो गए है। विगत 17 साल से मप्र में राज कर रही भाजपा ने प्रदेश की महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना शुरु करके एक बड़ा दाव खेला है, जो गेमचेंजर साबित हो सकता है।**

इस बार भाजपा को थोड़ी ज्यादा मेहनत करना पड़ेगी, क्योंकि पिछला चुनाव (2018) कुछ कमियों के कारण भाजपा ने गंवा दिया था। हालांकि कांग्रेस इसका ज्यादा फायदा नहीं उठा सकी थी और 15 महीने में ही सरकार से बाहर हो गई थी। फिर से सरकार में आने भाजपा इस बार संगठन और संघ दोनों मिलकर भाजपा को सत्ता वापसी के लिए जोर लगा रहे हैं। हालांकि पिछले दिनों सरकार और संगठन के बीच तालमेल नहीं बैठने को लेकर खबरे बाहर आई थी, लेकिन वायरल होने से पहले ही स्थिति संभाल ली। चुनाव के लिए सरकार, संगठन और संघ तीनों ने चुनावी मोर्चा संभाल लिया है। प्रारंभिक प्रारंभिक के मुताबिक तीनों ने अपने अपने काम संभाल लिए है। सरकार के पास लाडली बहना योजना, संगठन के पास नाराजों को मनाने और खाली पदों पर नियुक्तियां करने और संघ के पास जिलों में जाकर भाजपा की नींव मजबूत करने के लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में बेटियों के लिए मुख्यमंत्री कन्यादान योजना और लाडली लक्ष्मी योजना लागू करके मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान मामा के नाम से लोकप्रिय हुए और उन्होंने दोनों योजनाओं के सहारे चुनावों में जमकर लाभ कमाया। अब मुख्यमंत्री ने प्रदेश की महिलाओं के लिए लाडली बहना योजना लाकर एक बड़ा दांव खेला है जो गेमचेंजर साबित हो सकता है। इसके अलावा कटनी के विकास से जुड़ी कुछ महत्वाकांक्षी योजनाओं पर चुनाव से एन पहले काम शुरू कराया जाएगा इसके लिए प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### नाराजों को मनाने शीघ्र होंगी नियुक्तियां

निगम चुनाव में अनेक दावेदारों को टिकिट नहीं देने, जीते हुए पार्षदों तथा पदाधिकारियों को नजर अंदाज करने तथा कार्यकर्ताओं की पूछपरख नही करने पर ये सभी नेता पार्टी से नाराज चल रहे है। इनकी नाराजगी की वजह से ही सरकार ओर संगठन में समन्वय का अभाव साफ झलक रहा है। हाल ही में संगठन ने कुछ नई नियुक्तियां करके सही तालमेल बिठाने का प्रयास किया है। कुछ और नियुक्तियां अभी शेष हैं। कटनी विकास प्राधिकरण में अध्यक्ष की नियुक्ति तो हो चुकी है, लेकिन उपाध्यक्ष एवं सदस्यों के रिक्त पदों पर घोषणा का इंतजार है। इसी तरह नगर निगम में एल्डरमैनों की घोषणा में भी देरी हो रही है। प्रदेश स्तर पर संगठन ने पार्टी के 14 दिग्गज नेताओं को अलग-अलग जिलों में भेजकर चुनावी बैठक करने तथा नाराजों को मनाने का काम सौंपा है। ये सारी नियुक्तियां चुनावी रणनीति के तहत की जा रही है।

### संघ भी हुआ सक्रिय, हर स्तर पर ले रहा फीडबैक

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अनुशासन के मामले में सबसे सक्रिय संस्था मानी जाती है। संघ की सबसे खास बात यह है कि यह कभी भी खुले तौर पर चुनावी गतिविधियों में हिस्सेदारी नहीं लेता। चुनाव के दौरान परदे के पीछे रहकर भाजपा को ताकत देता है और सरकार बनाने में मदद करता है। इसी साल होने वाले चुनाव को लेकर संघ प्रमुख अभी से एक्टिव हो गए है। उन्होंने प्रदेश में संघ की गतिविधियां भी बढ़ा दी है। इसी महीने वे प्रदेश के चार अलग-अलग क्षेत्रों में आ चुके हैं। वे भोपालए इंदौर, बुरहानपुर और जबलपुर का दौरा कर चुके हैं। परदे के पीछे रहकर भाजपा के लिए नई नई रणनीतियां तैयार करता है। सरकार बनने के बाद भी संघ की भूमिका सबसे खास मानी जाती है।

# सिविल सर्जन का भतीजा है करोड़ों रूपए की ठगी का आरोपी

**कटनी, यशभारत।** कथिततौर पर प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री प्रभुराम चौधरी का फर्जी लेटरपेड दिखाकर करीब 6 करोड़ रुपए की ठगी की शिकायत सामने आने के बाद सरगर्मी बढ़ गई है। कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। पता चला है कि जिस युवक पर ठगी करने के आरोप लगाए गए हैं, वह जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा का भतीजा है। आरोप है कि उसने अपनी पहुंच जिला अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग के बड़े अफसरो से लेकर मंत्रियों तक होने का हवाला देकर लोगों को झांसा दिया। नए खुलासे के बाद पुलिस ने जांच का एंगल बदला है। हालांकि पुलिस ने शिकायत के चार दिन बाद भी एफआइआर दर्ज नहीं की है। उधर दूसरी ओर जानकारी के अनुसार डॉ. यशवंत वर्मा ने भतीजे के खिलाफ अपने नाम का दुरुपयोग करने की पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। गौरतलब है कि गतदिवस करोड़ों रूपए की ठगी की शिकायत लेकर कुछ युवक कोतवाली पहुंचे थे। युवकों में रूपेश सरावगी, सिद्धार्थ खर्द, सत्यम शर्मा, अरुण कुशवाहा, आदित्य गगराडे ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर कार्रवाई और रुपए वापस दिलाने की मांग की है। उधर पुलिस ने पीड़ितों से रुपए भुगतान करने संबंधी प्रमाणित दस्तावेज मांगे हैं। जिनके आधार पर ठगी की राशि का आंकलन करेगी और यह पता लगाएगी कि राशि का भुगतान किस तरह किया गया है।

**पीड़ितों की शिकायत पर अब तक नहीं हुई एफआइआर, सीएस ने भी दी अपने नाम का दुरूपयोग करने की शिकायत**

### अब तक नहीं हुई आरोपी से पूछताछ

प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री का फर्जी लेटरपेड दिखाकर ठगी करने का गंभीर मामला होने के बाद भी पुलिस जांच में लापरवाही कर रही है। जिस युवक पर आरोप लगे हैं, उसे पुलिस ने अभी तक पूछताछ के लिए नहीं बुलाया है। पुलिस को खुद युवक के थाने पहुंचने का इंतजार है।

### जांच में हो सकता है बड़ा खुलासा

मामले के जानकारों का कहना है कि संदेही युवक लंबे समय से इस तरह के काम में सक्रिय है। उसने दोस्तों को ही सॉफ्ट टारगेट बनाया। वहीं दूसरी ओर यह भी चर्चा है कि जब किसी भी टेंडर को पास कराने में इतने रुपए नहीं लगते तो फिर दोस्तों ने उसे रकम क्यों दी।

### इनका कहना है

मुझे भी मीडिया के माध्यम से भतीजे पर ठगी किए जाने के आरोप की जानकारी मिली है। इससे हम व्यथित हैं। उससे हमारा कोई संबंध नहीं है न ही अस्पताल से है। यदि उसने ऐसा किया है तो गलत है।

**-डॉ.यशवंत वर्मा,** सिविल सर्जन

मामले की जांच की जा रही है। जिस व्यक्ति पर ठगी का आरोप लगाया गया है, उससे भी पूछताछ की जाएगी। शिकायतकर्ताओं से भी राशि दिए जाने संबंधी आवश्यक दस्तावेज लिए जा रहे हैं। इसके बाद जो तथ्य सामने आएंगे उसके अनुसार आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**- अभिजीत रंजन,** पुलिस अधीक्षक

# सिर पर गंभीर चोट से हुई फैजान की मौत

**कटनी, यशभारत।** रंगनाथ नगर थाना अंतर्गत बावड़ी टोला में बच्चे की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस को पीएम रिपोर्ट प्राप्त हो गई है। पीएम रिपोर्ट में आया है कि सिर में गंभीर चोट लगने के कारण मौत हुई है। बच्चे की मौत किन परिस्थितियों में हुई है। यह हादसा है या वारदात, पुलिस हर बिंदुओं पर अभी जांच कर रही है। नगर पुलिस अधीक्षक विजय प्रताप सिंह ने बताया कि बावली टोला निवासी 9 वर्षीय फैजान पिता जावेद खान 20 अप्रेल की रात करीब साढ़े आठ बजे घर के पास से लापता हो गया था। खोजबीन करने पर जब उसका कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने रंगनाथ नगर थाने में सूचना दी। इसके बाद शुक्रवार की शाम फैजान की लाश गाटर घाट रेलवे ब्रिज के नीचे नदी के किनारे पर मिली। बच्चे की सिर पर चोट का निशान था। पुलिस ने बच्चे के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद शनिवार को पोस्टमार्टम कराते हुए मामले की जांच की जा रही थी। पीएम रिपोर्ट में सिर में चोट लगने के कारण मौत होने का उल्लेख किया गया है। जिसके बाद मामले की जांच तेज कर दी गई है। पुलिस अब सिर में चोट कैसे लगी, इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

**पीएम रिपोर्ट में खुलासे के बाद पुलिस ने तेज की जांच**

# शुभ सिटी के रहवासियों को मिलेगी राहत

## नगर निगम करेगी कालोनी का अधिग्रहण, कालोनी के अधूरे निर्माण कार्यों का आंकलन करने पहुंची टीम

कटनी, यशभारत। उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर स्थित शुभ सिटी में बिल्डर विकास गुप्ता एवं हीरानंद टहलरमानी द्वारा अधूरे छोड़े गए कार्यो के कारण वहां रहने वाले परिवारों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को कालोनी के अधूरे कार्यों का आंकलन करने के लिए नगर निगम की टीम पहुंची। नगर निगम के इंजीनियर्स ने कालोनी में बिजली, पानी, सड़क व नाली की जरूरतों का आंकलन किया। बताया गया है कि यहां अधूरे कार्यों को नगर निगम द्वारा बिल्डर से राशि वसूलकर पूरा किये जाने की तैयारी की जा रही है हालांकि रहवासी इसके विरोध में है। रहवासियों का कहना है कि नगर निगम एक सरकारी संस्था है। यदि अधूरे कार्यो के बीच नगर निगम कालोनी की बागडोर अपने हाथों में लेती है तो रहवासियों को लंबे समय तक सुविधाओं के लिए तरसना पड़ेगा। एफआईआर दर्ज होने के बाद बिल्डर को राहत देने की बजाय बिल्डर के माध्यम से ही सभी कार्य कराना चाहिए। उल्लेखनीय है कि कालोनाइजर विकास गुप्ता एवं हीरानंद टहलरमानी के खिलाफ कालोनी विकास अनुज्ञा की शर्तो को पूरा न करने व रोक के बाद भी बंधक रखे प्लाटों का विक्रय करने पर नगर निगम द्वारा 30 मार्च को माधवनगर थाना में धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज कराई गई थी।



### बिजली कनेक्शन सबसे बड़ी समस्या

शुभ सिटी के रहवासियों ने बताया कि बिल्डर ने बिजली समस्या के निराकरण को लेकर कार्य नहीं कराए हैं। बिल्डर ने खुद टीसी कनेक्शन लिया है और इससे ही सभी 300 परिवारों को बिजली सप्लाई हो रही है। बिजली सप्लाई के लिए खंभों पर 95 स्क्वेयर क्यूबिक मीटर की तार लगानी थी लेकिन बिल्डर ने 35 स्क्वेयर क्यूबिक मीटर की तार लगाई है, जिसके कारण आए दिन फाल्ट हो जाता है। ट्रांसफर्मर नहीं लगाए गए हैं जिसके चलते वोल्टेज की समस्या होती है। रहवासियों का कहना है कि उन्हें स्थाई कनेक्शन दिया जाना चाहिए।

### इनका कहना है

शुभ सिटी बिल्डर पर पूर्व में एफआईआर दर्ज कराई गई है। कालोनी के अधूरे विकास कार्यों का आंकलन किया जा रहा है। इसके लिए नगर निगम इंजीनियर्स की टीम भेजी गई थी।

**- सतेन्द्र धाकरे,** आयुक्त, नगर निगम

**बेचना है**

ग्राम पडुआ जिला-कटनी पीरबाबा के आगे डाबर फैक्ट्री के सामने NH-7 रोड से लगी 9 आरे जमीन बेचना है। इच्छुक खरदीदार ही संपर्क करें। मो. 7987947984

**द्वितीय पुण्यतिथि-26.04.2023**
स्व. दीपक हंसराजानी- स्वर्गवास- 26.04.2021
जहां भी रहो सुखी रहो, हम सबके ऊपर रहमत करना
:- आपकी याद में :-
देवीदास हंसराजानी (पापा), मनोहर लाल हंसराजानी, हुंदराजमल हंसराजानी (चाचा), राम हंसराजानी (भाई) एवं समस्त हंसराजानी परिवार।
प्रतिष्ठानः- हरे नारायण फोटो फ्रेमिंग माधवनगर, कटनी

डॉ. कनिका अग्रवाल
M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai) IFAAM (Germany) Fellowship in Laser and Dermatosurgery (Thailand)
पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल, मुम्बई
चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक
मिलने का समय- सोमवार से शनिवार सुबह 11:00 से 2 सायं 5:00 से 7.30 बजे तक।
महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274

अब बार-बार लाइट जाने से छुटकारा
9 वॉट इन्वर्टर बल्व उपलब्ध है।
एलईडी बल्ब, ट्यूबलाईट, पंखे 50 वॉट (कॉपर वाइंडिंग)
2 साल की वारंटी सहित मिलने का एकमात्र स्थान
एलईडी हाउस
संपर्क - वेंकट खंडेलवाल जयदयाल रोड सुभाष वार्ड कटनी मो.9893009212

तांडव
दर्द का जानी दुश्मन
गठियावात
कमर दर्द
जोड़ो का दर्द
सूजन
मासपेशीयों का दर्द
तांडव तेल
सभी प्रकार के वात रोगों में उपयोगी
TANDAV HERBAL PHARMACY Customer Care : +91 7974979179

गर्मी से HEAT RESISTANCE
बारिश से WATER PROOF
Roof, Slab, Tinshed, Asbestos shed Solutioning
एक दाम दो काम
Well-Done Service @₹35/sq. ft.
Tvarit Enterprises, Nigam Marg, Near Hotel Blue Diamond, Nai Basti, Katni
Call us: 6261524050

सभी प्रकार के रेडीमेड प्रीकास्ट वॉल हमारे यहां उचित रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
बजाज इंडस्ट्रीज
पता- इंडस्ट्रीयल एरिया प्लाट नं. 142 कटायेघाट, कटनी
मो. 8889696888

अस्पताल में कार्य करने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है
1. जूनियर ड्यूटी डॉक्टर
2. नर्सिंग स्टाफ
3. लैब टेक्नीशियन
4. वार्ड बॉय
5. सिक्योरिटी गार्ड
6. सफाई कर्मचारी
डॉ. अनमोल चौदहा
एमडी (शिशु रोग)
एफ.आई.एन. (बाम्बे)
पी.जी.पी.एन. (बोस्टन, यू.एस.ए.) फेलोशिप इन न्योनेटालाजी नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ वाडिया हॉस्पिटल, बाम्बे
जी.डी. मेमोरियल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
डन कॉलोनी बरगवां, कटनी
संपर्कः-फोन- 07622-494511, मो. 9893723087

SHRI HOSPITAL KATNI
डॉ.दीपक सक्सेना
डॉ.शोभना सक्सेना
विश्वसनीय आईसीयू केयर, जनरल दूरबीन एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन, फिजीशियन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
सुपर स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ द्वारा दांतों के सभी प्रकार के इलाज की सुविधा उपलब्ध है।
डॉ. शोभित प्यासी बी.डी.एस./एम.डी.एस. रूट कैनाल विशेषज्ञ
डॉ. उपासना स्थापक बी.डी.एस./एम.डी.एस. पाइरिया एवं इम्पलांट विशेषज्ञ
संपर्क करें- श्री हॉस्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड बरगवां, कटनी
9425325316, 9425151543, 9752414316

SGAT Johnson Pedder SETMAX CERAMIC AVENUE
शकुंतला ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
सभी प्रकार के मार्बल, ग्रेनाईट टाईल्स, कड़प्पा, कोटा, सीमेंट सेनेटरी के थोक एवं फुटकर विक्रेता
पता- आस्था प्लाजा के बगल में बरगवां, कटनी (म.प्र.), मो. 9009767272, 7694800301, 9981895362
ईमेल- sgatkani11@gmail.com

naturals India's No.1 hair and beauty salon
OPEN NOW @ CITY MALL
@ City Mall Katni, 2nd Floor,Barhi Road, Near Main Railway Station, Katni M.P. - 483 501
Mobile : 9343609476

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)